हरिभूमि
रायपुर भूमि





ढोल-नगाड़ों के बीच जयकारों के साथ मां दुर्गा को विदाई
विसर्जन कुंड में दूसरे दिन 350 से ज्यादा प्रतिमाएं विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पंडाल से लेकर विसर्जन कुंड स्थल तक छलका उत्साह
- जसगीत में माता की महिमा का गुणगान, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

शहर के दुर्गा पंडालों में विराजित मां जगदंबे की आकर्षक प्रतिमाओं को ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ माता के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने विदाई दी। शहर के अलग-अलग स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का सम्मान के साथ महादेवघाट के समीप बनाए गए विसर्जन कुंड में श्रद्धापूर्वक विसर्जन करने श्रद्धालुओं की मंगलवार को भीड़ उमड़ पड़ी। देर शाम तक माता के भक्त



भक्तिगीतों की धुन पर नाचते -गाते विसर्जन कुंड स्थल तक जाते दिखे। वहीं माता की महिमा का गुनगान जस गीतों में भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ जगह-जगह देखने को मिला। विसर्जन के दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हुईं।

राजधानी में मंगलवार को खारुन नदी के तट पर स्थित महादेवघाट के समीप नगर निगम द्वारा बनाए गए विसर्जन कुंड के आसपास खासी रौनक देखने को मिली। देर शाम तक कुंड में 350 से ज्यादा ⏭शेष पेज 9 पर

जगमगा रहा महादेवघाट का विसर्जन कुंड स्थल, देर शाम तक उमड़ती रही श्रद्धालुओं की भीड़

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महादेवघाट के आसपास के स्थल को जगमगाने हाई मास्ट लाइटें लगाई गई है। इसके साथ ही सफाई, पेयजल का विशेष ध्यान रखा गया है। अपर आयुक्त विनोद पांडे ने हरिभूमि को बताया कि 20 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से 25 अक्टूबर की सुबह 6 बजे तक जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंता, सहायता अभियंता और कार्य सहायक की शिफ्टवाइज ड्यूटी लगाई गई है। निगम की टीम चौबीसों घंटे तीन पाली में विसर्जन व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने और सतत निगरानी के लिए स्थल पर मौजूद है। मंगलवार की देर शाम श्रद्धालुओं की खासी भीड़ विसर्जन कुंड स्थल पर नजर आई।

खबर संक्षेप

वाहन चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। आमानाका पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी ईश्वर निर्मलकर निवासी रोहिणीपुरम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 16 अक्टूबर की रात करीब 8.30 बजे सरोना के पास अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए आरोपी चंद्रिका प्रसाद यादव निवासी सोनकर बाड़ी अश्वनी नगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद की है।

सूने मकान से डेढ़ लाख के जेवरात पार



रायपुर। रावतपुरा फेस-2 में एक सूने मकान में चोरी हो गई। प्रार्थी देवनारायण साहू ने टिकरापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत महीने 7 सितंबर को उसके घर पर ताला लगा हुआ था। उस समय घर के सभी सदस्य बाहर गए हुए थे, जब वे वापस लौटे तो उसके घर के मेन दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। आलमारी के लॉकर से डेढ़ लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है।

कार की टक्कर से दोपहिया सवार दंपति घायल



रायपुर। भाठागांव में शुभम के. मार्ट के पास 18 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे कार क्रमांक सीजी-04 बीएल /5152 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही चलाते हुए स्कूटी से जा रहे दंपति के वाहन को टक्कर मार दी। इससे दोनों सड़क पर गिर गए, जिससे उन्हें चोट आई है। प्रार्थी श्रीचंद खानचंदानी की रिपोर्ट पर पुरानी बस्ती पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मारपीट मामले में 3 के खिलाफ केस दर्ज



रायपुर। मारपीट मामले में आमानाका पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रार्थी शिवानी ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े सात बजे इस्कॉन मंदिर परिसर में गायत्री पटनायक एवं उसके अन्य दो साथियों ने मामूली बात पर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

50 प्रतिशत किसान ही उपलब्ध करा रहे गन्ना, इसलिए बढ़ी परेशानी

बगैर मिठास मनेगी राशनकार्ड धारकों की दीपावली, उत्पादन ठप, इसलिए वितरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उचित मूल्य कार्ड धारकों की दीपावली इस बार बगैर मिठास के मनेगी, क्योंकि चालू माह में इन दुकानों में शक्कर का भंडारण ही नहीं किया गया है, जिसके कारण हितग्राहियों को शक्कर का वितरण भी नहीं हो रहा है। सूत्रों से पता चला कि सहकारी कारखानों में शक्कर का उत्पादन ठप है, जो शक्कर थी, वह खत्म हो चुकी है। ऐसे में कारखानों में शक्कर उत्पादन के लिए अब गन्नों की नई फसलों की खरीदी का इंतजार किया जा रहा है। हालांकि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में किसी भी तरह से जानकारी देने से बच रहे हैं। वे यही कह रहे हैं कि शक्कर की आपूर्ति होते ही वे उचित मूल्य की दुकानों में इसका वितरण शुरू कर देंगे, लेकिन शक्कर कब तक आएगी, इसकी जानकारी भी वे दे नहीं पा रहे हैं।



कारखानों से सप्लाई अभी बंद

कारखानों से सप्लाई अभी बंद है। भंडारण कराने की मांग की गई है। शक्कर आते ही दुकानों में इसका वितरण किया जाएगा।

- त्रिनाथ रेड्डी, डीएम, नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर

कारखानों में शक्कर नहीं, इसलिए आपूर्ति बंद

अधिकारियों की मानें, तो प्रदेशभर के कारखानों से शक्कर की सप्लाई सितंबर से प्रभावित है। इसके कारण अक्टूबर में उचित मूल्य दुकानों में शक्कर का आवंटन ही नहीं किया गया है। इसके कारण दुकानों में भी शक्कर का वितरण नहीं किया जा रहा है।

शक्कर में बड़े खेल की आशंका

दीपावली के ठीक पहले कारखानों से शक्कर की आपूर्ति बंद होने के पीछे बड़ा खेल होने की भी आशंका जताई जा रही है। कुछ दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि दीपावली त्योहार के दौरान सबसे ज्यादा मिठाइयों का कारोबार होता है, जिसके लिए शक्कर की आवश्यकता होती है। कारखानों से शक्कर की सप्लाई बंद करने का एक कारण यह भी हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि कारखानों में शक्कर खत्म हो गई है या फिर शक्कर थोक कारोबारी-एजेंसियों को बेच दी गई है। इसकी जानकारी विभाग के जिम्मेदार लोग ही दे पाएंगे। सूत्रों का कहना है कि कारखानों से कम दाम में शक्कर खरीदी कर अगर इसे बाजार में महंगे दाम पर खपाया जाता है, तो बड़ा मुनाफा होगा।

घाटे में चल रहे थे शक्कर कारखाने

शक्कर की आपूर्ति बंद होने का एक कारण कारखानों का घाटे में चलना भी हो सकता है। अप्रैल 2026 में जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में संचालित सहकारी शक्कर के कारखाने 267 करोड़ रुपए के घाटे में चल रहे थे, जिसके कारण शक्कर कारखाने बंद होने की कगार पर थे। इस दौरान गन्ना का उत्पादन करने वाले किसानों ने कारखानों को लंबित भुगतान के कारण गन्ना उपलब्ध कराने से हाथ खींच लिए थे। इसकी वजह किसानों को गन्ना के बदले राशि का जो हर साल भुगतान होता है, उसमें करोड़ों रुपए की राशि पिछले कई वर्षों से बकाया थी। किसानों ने बकाया राशि को लेकर अल्टीमेटम भी जारी किया था। हालांकि इस अल्टीमेटम के बाद किसानों को बड़ी बकाया राशि का भुगतान हुआ था। इसके बाद भी किसानों को शेष बकाया राशि का भुगतान होना बाकी है। सूत्र से ऐसी जानकारी मिली है कि जिस पैमाने पर किसान कारखानों को गन्ना की फसलें उपलब्ध कराते थे, उसके विरुद्ध 50 प्रतिशत से भी कम किसान अब गन्ना उपलब्ध करा रहे हैं, जिसके कारण कारखानों में शक्कर के उत्पादन में भी भारी गिरावट आई है।

बिना लाइसेंस अवैध रूप से भंडारित 95 हजार के पटाखे जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



त्योहारी सीजन के मद्देनजर रायपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा अवैध विस्फोटक पदार्थों और पटाखों के भंडारण व बिक्री के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना मंदिर हसौद पुलिस ने ग्राम गुजरा में छापामार कार्रवाई करते हुए बिना वैध लाइसेंस के भारी मात्रा में अवैध पटाखे का भंडारण करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से विभिन्न प्रकार के लगभग 95,000 रुपये मूल्य के पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा एवं उप पुलिस अधीक्षक माना लम्बोदर पटेल के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई अंजाम दी गई। थाना प्रभारी मंदिर हसौद उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह कँवर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गुजरा स्थित एक भंडार कक्ष में भारी मात्रा में अवैध रूप से पटाखे डंप किए गए हैं। सूचना की तस्दीक करते हुए दिनांक 19 अक्टूबर को थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम ने गवाहों की उपस्थिति में ग्राम गुजरा निवासी आरोपी हरीश साहू के कब्जे वाले स्थान पर दबिश दी। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी द्वारा बिना किसी वैध लाइसेंस या अनुमति के अवैध तरीके से पटाखों का भंडारण किया गया था। पूछताछ करने पर आरोपी कोई भी संतोषजनक दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका।

विभिन्न ब्रांड्स के पटाखे जब्त

पुलिस ने मौके से क्लास्टर पाइप, पेरिस मल्टीकलर शॉट, विपिंग कार्ड, साउंडर, जेली डीलक्स, सिग्नेचर रॉकेट और मिर्ची बम सहित विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी सामग्री विधिवत जब्त कर ली, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 95,000 रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी हरीश साहू के खिलाफ थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 524/2026 दर्ज किया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) की धारा 288 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1884 की धारा 9बी(1)(बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

सेप्टिक टैंक सफाई के लिए रोबोटिक मशीन खरीदने ड्राफ्ट तैयार, जेम पोर्टल पर टेंडर जल्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर शहर में सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए नगर निगम 1 करोड़ रुपए खर्च कर रोबोटिक मशीन खरीदेगा। पंद्रहवें वित्त आयोग मद के मिलेनियम प्लस सिटी प्रस्ताव के तहत शासन ने इसके लिए राशि मंजूरी की है। मशीन की खरीदी जेम पोर्टल से होगी इसके लिए रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इसके साथ ही मेनुवल सिस्टम की जगह ऑनलाइन सिस्टम को अमल में लाने एप तैयार इन दिनों मॉडयूल पर काम किया जा रहा है। इससे शहरवासियों को सेप्टिक टैंक की सफाई में ऑनलाइन डी स्लजिंग सेवा का लाभ आने वाले दिनों में मिलने लगेगा।

- नगर निगम 1 करोड़ रुपए खर्च कर खरीदेगा आधुनिक मशीन

महापौर मीनल चौबे ने सफाई को रोबोटिक कवच देते हुए सीवरेज की सफाई के लिए आधुनिक तकनीक से युक्त रोबोटिक मशीन खरीदने की योजना बनाई है। इसके मुताबिक रायपुर नगर निगम अपने स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से जल्द ऑनलाइन डी स्लजिंग सेवा की शुरुआत करेगा। शहर में सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए अभी तक लोगों को नगर निगम के जोन दफ्तर या निगम मुख्यालय जाकर मेनुवल परची कटाना जरूरी था, जिसमें निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद बारी आने पर सेप्टिक टैंक सफाई के लिए सक्शन मशीन भेजी जाती थी। इसमें मांग के आधार दो से तीन दिन का समय भी लग जाता, पर अब ऐसा नहीं होगा। शहर की आम जनता को अपने घर के सेप्टिक टैंक की सफाई ⏭शेष पेज 9 पर



मॉड्यूल पर चल रहा काम रोबोटिक मशीन खरीदेंगे

सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए रोबोटिक मशीन खरीदी जाएगी। डी स्लजिंग सेवा को ऑनलाइन करने मॉड्यूल पर काम चल रहा है। जेम पोर्टल में ऑनलाइन टेंडर कर आधुनिक रोबोटिक मशीन की खरीदी जल्द की जाएगी।

- जसदेव सिंह बाबरा, उपायुक्त स्वास्थ्य, नगर निगम रायपुर

मशीनों की संख्या काफी कम

विदित हो कि शहर में सीवरेज सफाई के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के पास इस समय कुल 13 मशीनें उपलब्ध हैं, जिनमें से 12 सक्शन मशीन, 1 जेटिंग मशीन है। शहर के 70 वार्डों की बसाहट के हिसाब से सेप्टिक टैंक सफाई के लिए मशीनों की संख्या काफी कम है। इसे देखते हुए अब सीवरेज टैंक की सफाई के लिए रोबोटिक मशीन खरीद कर पूरी प्रक्रिया के ऑनलाइन किया जा रहा है। यानी एप के माध्यम से लोग अपनी सुविधा अनुसार घर बैठे सक्शन मशीन उपलब्ध कराने आवेदन कर सकेंगे।

बादल छंटते ही चार डिग्री तक लुढ़का बिलासपुर का तापमान, राजधानी में भी महसूस हुई ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बादलों के छंटते से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कमी आने का दौर शुरू हो गया है। पिछले चौबीस घंटे में बिलासपुर के टेंप्रेंचर में चार डिग्री तक की कमी आई है। वहीं राजधानी में दो डिग्री की गिरावट के कारण ठंड महसूस हुई है। तापमान में कमी का दौर अगले तीन रातों तक जारी रहेगा। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ पुनः हवा की दिशा में बदलाव करेगा। राज्य में उत्तर-पूर्व हवा का प्रभाव होने लगा है। इसके साथ वातावरण में मौजूद नमी की मात्रा में कमी होने लगी है। द्रोणिका का प्रभाव खत्म होने की वजह से आसमान साफ होने लगा है, जिससे रात के मौसम में बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। सोम-मंगलवार की दरम्यानी रात



- उत्तर-पूर्व हवा का प्रभाव हो रहा, वातावरण से नमी भी कम हो रही

ऐसी रही गिरावट

शहर	रवि-सोमवार (न्यूनतम तापमान)	सोम-मंगल (न्यूनतम तापमान)
रायपुर	24.3	22.2
बिलासपुर	23.0	19.6
पेंड्रा	18.4	17.8
अंबिकापुर	16.5	15.4
जगदलपुर	22.1	21.7
दुर्ग	21.7	20.5
नांदगांव	22.0	21.0

मौसम में कुछ बदलाव सा अनुभव हुआ और हल्की ठंडकता का अहसास हुआ। बिलासपुर में इसका सबसे अधिक प्रभाव नजर आया और यहां का न्यूनतम तापमान चार डिग्री कम हो गया है। जगदलपुर को छोड़कर शेष इलाकों का तापमान सामान्य से कम रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक जगदलपुर में भी अगले चौबीस घंटे में मौसम के बदलाव का असर नजर आएगा। संभावना है कि तापमान में थोड़ी और कमी आएगी, जिससे सुबह के वक्त ठंड का अहसास बढ़ेगा। रात और सुबह के वक्त भले ही ठंड अपना असर दिखा रही हो, मगर दिन में तीखी धूप से राहत मिलने की संभावना अभी नहीं है। आसमान साफ होने की वजह से दिन का तापमान 34 डिग्री पर है, जो गर्मी का प्रभाव दिखाने के लिए काफी है।

पुलिस लाइन में दशहरे पर हर्ष फायरिंग भी की

पुलिस कमिश्नर ने विजयादशमी पर की शस्त्रों-वाहन की हवन-पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विजयादशमी के अवसर पर पिछले वर्षों की तरह इस बार भी राजधानी रायपुर के पुलिस लाइन में पारंपरिक एवं रीति-रिवाज के साथ माता शक्ति की आराधना करते हुए शस्त्रों एवं वाहनों की पूजा-अर्चना कर हवन किया गया। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से कमिश्नर डा. संजीव शुक्ला ने यह पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

रायपुर की पुलिस लाइन में शस्त्र एवं वाहनों की पूजा का आयोजन पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ। पुलिस कमिश्नर डॉ. शुक्ला ने विधि-विधान पूर्वक माता शक्ति की आराधना करते हुए पूजन-अर्चना कर हवन किया। इस दौरान शस्त्रों एवं पुलिस वाहनों की ⏭शेष पेज 9 पर



पुलिस बैंड ने माता आरती की धुन प्रस्तुत की

कार्यक्रम के दौरान पुलिस बैंड ने माता की आरती की मधुर धुन प्रस्तुत की। इसके साथ ही देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों का वादन किया गया, जिससे भक्तिमय एवं राष्ट्रप्रेम की भावना से सभी सराबोर हो गए। इस तरह पुलिस बैंड की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

कमिश्नर ने की हर्ष फायरिंग

पूजा-अर्चना के दौरान शस्त्रों की महत्ता एवं परंपरा को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक रीति के अनुसार कमिश्नर डा. शुक्ला ने हर्ष फायरिंग भी की। उन्होंने समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को भी दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नरेट रायपुर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित तुकाराम कांबले, पुलिस उपायुक्त रॉबिन्सन गुरिया, स्मृतिक राजनाला, डॉ. अर्चना झा, दीपमाला कश्यप, तारकेश्वर पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त निमिशा पाण्डेय, सहायक पुलिस कमिश्नर सतीश ठाकुर, निलेश द्विवेदी एवं सीमा अहिरवार तथा रक्षित निरीक्षक अनीश कुमार सारथी सहित कमिश्नरेट रायपुर के अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सहित आम लोग भी उपस्थित रहे।

2013-18 के पूर्व विधायक, 2014-19 के पूर्व सांसदों के साथ भी वन-टू-वन करेंगी प्रदेश प्रभारी स्मृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो बार के प्रदेश संगठन के पुराने पदाधिकारियों को भी बुलावा

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 25 और 26 अक्टूबर को रायपुर में प्रदेश भाजपा संगठन की मैराथन बैठकें लेने वाली हैं। इस बैठक में बड़ा फोकस मिशन 2028 यानी विधानसभा का चुनाव रहेगा।

यही वजह है कि प्रदेश में दो बार के विधायक जो 2013 और 2018 में जीते थे और दो बार के पूर्व सांसद जो 2014 और 2019 में जीते थे, इनके साथ प्रदेश प्रभारी की वन टू वन बात होगी। प्रदेश संगठन इनकी सूची बनाकर इनको बैठक की सूचना देगा। इसी के साथ प्रदेश संगठन में भी पिछले दो कार्यकाल के पदाधिकारियों को बुलाया जा रहा है। इनके साथ भी प्रदेश प्रभारी की बैठक होगी।

भाजपा हमेशा से ही भी राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर काफी पहले से तैयारी करती है। यहां भी काफी पहले से तैयारी चल रही है। अब इस तैयारी को नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी के आने के बाद और तेज किया जाएगा। प्रभारी बनने के बाद स्मृति ईरानी का पहला दौरा इस माह हो रहा है। इस दौरे में संगठन को मजबूत करने के साथ ही विधानसभा चुनाव 2028 को लेकर भी मंथन होगा।





पूर्व विधायक और सांसदों को बुलाया जा रहा

बैठकों के दौर में अलग-अलग बैठकें होगी। इसमें सरकार के मंत्रियों, विधायकों और सांसद, प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारियों, निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष, मोर्चा और प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, संभाग और जिलों के प्रभारी सह प्रभारियों के साथ तो बैठक होगी ही, लेकिन इसी के साथ पूर्व विधायक और सांसदों के साथ भी बैठक की रणनीति बनाई गई है। भाजपा हमेशा से ही पुराने नेताओं को भी साथ लेकर चलती है। ऐसे में प्रदेश प्रभारी के दौरे में प्रदेश के ऐसे पूर्व विधायक और सांसदों को बुलाया जा रहा है, जिनका कार्यकाल लगातार दो बार का रहा है। इनके साथ प्रदेश प्रभारी अलग से बैठक करेंगी और इनके साथ रायशुमारी होगी। इनसे पूरा फीडबैक लिया जाएगा। इसी के साथ कई पुराने नेताओं को जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। इस समय प्रदेश में ऐसे कई पूर्व सांसद और विधायक हैं जिनके पास कोई जिम्मेदारी नहीं है, इनकी जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। इसी के साथ प्रदेश संगठन में विभिन्न पदों को पिछले दो कार्यकाल में जो रहे हैं, उनको भी बुलाया जा रहा है। इसमें से कई जहां वर्तमान में पदों पर हैं, वहीं कई मंत्री और विधायक भी बन गए हैं। ये तो बैठकों में रहेंगे ही लेकिन जिनके पास इस समय कोई पद नहीं है, उनको भी बुलाया गया है।

खबर संक्षेप



सीएम ने जशपुर विधायक का जाना हालचाल

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर के एक निजी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहीं जशपुर विधायक रायमुनी भगत से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी ली।
मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रीमती भगत के शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करते हुए कामना की कि वे जल्द स्वस्थ होकर नई ऊर्जा और समर्पण के साथ पुनः जनसेवा में सक्रिय हों।

सांसद बृजमोहन ने किए मां जगदम्बा के दर्शन

रायपुर। शारदीय नवरात्रि की



महानवमी पर रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी के विभिन्न दुर्गोत्सव पंडालों और धार्मिक स्थलों में पहुंचकर मां जगदम्बा के दर्शन किए। उन्होंने बोरियाकला स्थित जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम और माना कैंप में बंगाली समाज द्वारा आयोजित दुर्गोत्सव में शामिल होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। शंकराचार्य आश्रम में की विशेष पूजा-अर्चना महानवमी के अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बोरियाकला स्थित जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने मां जगदम्बा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और उपस्थित संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सांसद ने आश्रम के आध्यात्मिक वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यहां की दिव्यता और सकारात्मक ऊर्जा मन को अपार शांति प्रदान करती है।

मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम ने 400 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान



रायपुर। मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम की ओर से शहीद स्मारक भवन, रायपुर में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 400 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और फोरम की मैगजीन प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, टॉपर्स को मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में नई दिल्ली के सेंटर फॉर स्टडी एंड रिसर्च के निदेशक, शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं लेखक डॉ. मोहम्मद रिजवान प्रेरक वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सैयद अकील ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागपुर के प्रो. मोहम्मद अय्यूब खान ने की। विशेष अतिथि के रूप में भिलाई के डॉ. जावेद रिजवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती फरहीन और मुस्कान अग्रवाल ने भी शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे।समारोह में फोरम के अध्यक्ष शकील अहमद, सचिव आबिद खान, शफीक मुबारक गौरी, नजर हुसैनी, जफर अमजद, रफीक, अंसार, अकबर, रजा, हशीम, राशिद सिबली, मूसा भाई सहित फोरम के संस्थापक सदस्य और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने भाजपा पर लगाए मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप, शहर के 12 ब्लॉक में बंटा पर्चा

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान, सड़क पर उतरने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन और 12 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों ने दशहरा के अवसर पर 'वोट चोर, गद्दी छोड़' नारे के साथ आम नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों से लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए आंदोलन में शामिल होने की अपील की।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिए देशभर में 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। छत्तीसगढ़ में भी करीब 26 लाख मतदाताओं के नाम हटाने का दावा करते हुए पार्टी ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। अपील में भाजपा पर विपक्ष को कमजोर करने, महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया गया है। कांग्रेस नेताओं ने नागरिकों से मतदाता सूची की जांच करने, पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर दावा-आपत्ति दर्ज कराने तथा सड़क और सामाजिक माध्यमों के जरिए लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया।



विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों से नागरिकों के मतदान के अधिकार पर असर पड़ सकता है। कांग्रेस ने इन आरोपों के आधार पर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। कांग्रेस की अपील में आरोप लगाया गया है कि भाजपा पिछले 12 वर्षों में केंद्रीय एजेंसियों और कथित दुष्प्रचार के माध्यम से विपक्षी दलों को कमजोर करने का प्रयास करती रही है।

इन ब्लॉक अध्यक्षों ने बांटे पर्चे

यह अपील रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन और ब्लॉक अध्यक्षों के नाम से जारी की गई है। शहीद पंकज विक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओम श्रीवास, विजय टंडन संत कबीर दास ब्लॉक, हिरेंद्र देवांगन संत माता कर्मा ब्लॉक, अरविंद दीक्षित ब्लॉक अर्जुमन ढेबर, विनोद सिंह खुबचंद् बघेल ब्लॉक, सुयश शर्मा लक्ष्मी नारायणदास ब्लॉक, देव साहू सरदार् बल्लभ भाई पटेल ब्लॉक, भगत सिंह ब्लॉक सुधा सरोज, कन्हैयालाल बाजारी वार्ड किशन बाजारी, गुरु घासीदास वार्ड मिलिंद गौतम, जवाहरलाल नेहरू ब्लॉक सुजील सिंह, अवंति बाईबाई ब्लॉक कमल धृतलहरे ने पर्चे बांटकर अपील की।

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का देशव्यापी आंदोलन का दावा

बैज ने प्रधानमंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग पर हमला तेज कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर एसआईआर के नाम पर देश में 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर मामला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की।

उन्होंने कहा, कांग्रेस मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन चला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राजनीतिक हितों को साधने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निष्पक्षता के अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया तत्काल रोकने, मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं के नामों की समीक्षा कर पात्र मतदाताओं के नाम बहाल करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने मांग की कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि किसी स्तर पर अनियमितता प्रमाणित होती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कांग्रेस इस मुद्दे पर अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

कांग्रेस की मांग

दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे अथवा पद से हटाने की मांग के साथ एसआईआर प्रक्रिया रोकने, हटाए गए मतदाताओं के नामों की समीक्षा और पात्र मतदाताओं के नाम बहाल करने की मांग उठाई। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा अनियमितता प्रमाणित होने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।

पीएससी अध्यक्ष का पद एक माह से खाली, कांग्रेस ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने ग्राम तुलसी बाराडेरा में दशहरा उत्सव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर जनजागरण अभियान चलाया और ग्रामीणों को जागरूकता पर्चे बांटे। इस दौरान ग्रामीणों को संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मताधिकार तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और नाम कटने की स्थिति में दावा-आपत्ति करने की जानकारी दी गई। कांग्रेस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण में विभिन्न वर्गों के मतदाताओं के नाम प्रभावित होने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया की मांग की।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के अध्यक्ष का पद करीब एक माह से खाली होने और पीएससी-2025 की मुख्य परीक्षा के बाद साक्षात्कार स्थगित किए जाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने राज्य सरकार और आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा, पीएससी-2025 की सिविल सेवा परीक्षा में 265 पदों के विरुद्ध नियमानुसार 1:3 के अनुपात में 795 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया जाना चाहिए था, लेकिन आयोग ने केवल 608 अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए योग्य माना। इस तरह निर्धारित संख्या से 187 अभ्यर्थी कम रह गए। कांग्रेस ने इसे चयन प्रक्रिया और मूल्यांकन की पारदर्शिता से जुड़ा गंभीर सवाल बताते हुए आयोग से स्पष्टीकरण मांगा है।

'वोट चोरों के खिलाफ जनजागरण' अभियान



187 अभ्यर्थियों को लेकर आयोग से जवाब मांगा

शुक्ला के अनुसार, आयोग ने न्यूनतम अंकों का हवाला देते हुए इन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अयोग्य बताया है। ऐसे में सवाल उठता है कि मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में कितनी पारदर्शिता बरती गई और अभ्यर्थियों को दिए गए अंकों की निष्पक्षता कैसे सुनिश्चित की गई। उन्होंने मांग की है कि मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं साक्षात्कार से पहले अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे अपने मूल्यांकन और प्राप्त अंकों का स्वयं परीक्षण कर सकें।

प्रदेश से बूथ स्तर तक हुआ था संगठन भंग

छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन अभी तक नहीं हो सका है। हालांकि, संगठन में बदलाव की प्रक्रिया मई में ही शुरू हो गई थी। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने प्रदेश से लेकर जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक की पुरानी कार्यकारिणियों को भंग कर नए सिरे से संगठन खड़ा करने का फैसला लिया था।

छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन के तहत संजारी बालोद की कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा को मई में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्हें स्थायी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति तक संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नए सिरे से संगठनात्मक ढांचा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हुई। महिला कांग्रेस



द्वारा सभी जिलों में कार्यकारिणी गठन को लेकर बैठक की जानी थी, वह पूरी नहीं हो पायी। बताया जाता है कि आने वाले समय में जल्द जिलों की बैठक कर प्रक्रिया को पूरा कर नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। महंगाई, महिलाओं की सुरक्षा, महिला अधिकार और सरकार के खिलाफ आंदोलनों में संगठन की भूमिका को लेकर भी नई कार्यकारिणी महत्वपूर्ण होगी।

जिला स्तर पर भी नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी

इस माह के पहले सप्ताह में बिलासपुर में महिला कांग्रेस की बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चर्चा हुई थी। संगठन की ओर से जल्द नियुक्तियां किए जाने की बात भी कही गई थी। इसी तरह कुछ जिलों में बैठक कर संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। जिले से लेकर बूथ स्तर तक नियुक्तियों को लेकर इंतजार हो रहा है। चुनाव से पहले नई कार्यकारिणी तैयार कर उन्हें सक्रिय करने की तैयारी है।

नई टीम में किन्हें मिलेगी जगह

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने अपने दौरे कि दौरान नई नियुक्तियों के लिए संगठनात्मक सक्रियता, सदस्यता अभियान में योगदान, जनसंपर्क और संघर्षशील भूमिका को प्रमुख आधार बताया था। ऐसे में नई कार्यकारिणी में सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं को स्थान देने पर जोर दिया जा रहा है।

म्यूनिसिपल बॉन्ड, पीपीपी मॉडल और निजी निवेश से विकास परियोजनाओं को गति देने पर होगा मंथन

शहरों के विकास को मिलेगी नई रफ्तार, निवेश जुटाने दो एमओयू करेगा नगरीय प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शहरों में आधुनिक अधोसंरचना के विस्तार, सुनियोजित विकास और नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार वित्तीय संसाधन जुटाने के नए विकल्पों पर काम कर रही है। इसी दिशा में बुधवार, 21 अक्टूबर को नवा रायपुर में अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) और शहरी अधोसंरचना के वित्तपोषण पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुबह 10 बजे कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, हुडको और सेप्ट यूनिवर्सिटी के बीच दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। नवा रायपुर स्थित होटल मेफेयर लेक रिसॉर्ट में आयोजित इस कार्यशाला में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। हुडको और राज्य शासन का नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संयुक्त रूप से इसका आयोजन कर रहे हैं। देशभर के शहरी विकास, वित्तीय प्रबंधन और अधोसंरचना क्षेत्र के विशेषज्ञ इसमें हिस्सा लेकर शहरों के विकास के लिए निवेश जुटाने की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

हुडको और सेप्ट यूनिवर्सिटी के साथ होगा समझौता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा हुडको तथा सेप्ट यूनिवर्सिटी के साथ दो अलग-अलग एमओयू किए जाएंगे। इन समझौतों से नगरीय निकायों की संस्थागत और वित्तीय क्षमता मजबूत करने, आधुनिक शहरी नियोजन को बढ़ावा देने तथा निवेश आधारित अधोसंरचना परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग मिलने की उम्मीद है। हुडको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ कार्यशाला में मुख्य वक्तव्य देंगे।



निवेश आधारित विकास पर रहेगा जोर

शहरों में सड़क, जलापूर्ति, आवास और अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए बड़े वित्तीय संसाधनों की जरूरत होती है। ऐसे में कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नगरीय निकायों को पारंपरिक सरकारी अनुदानों के अतिरिक्त संस्थागत वित्त, निजी निवेश और आधुनिक वित्तीय साधनों का उपयोग करने में सक्षम बनाना है। म्युनिसिपल बॉन्ड, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी), अर्बन चैलेंज फंड और अर्बन इन्वेस्ट विंडो (यूआईविन) के जरिए परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के तरीकों पर विशेष चर्चा होगी।

तीन तकनीकी सत्रों में वित्तीय मॉडल पर चर्चा

कार्यशाला में दोपहर 12 बजे से तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। पहले सत्र में हुडको के महाप्रबंधक डॉ. विवेक अर्बन चैलेंज फंड और अर्बन इन्वेस्ट विंडो की अवधारणा तथा उनके उपयोग की संभावनाओं पर जानकारी देंगे। तेलंगाना शासन की सचिव डॉ. टी.के. श्रीदेवी वहां शहरी बदलाव और विकास के अनुभव साझा करेंगी। दूसरे सत्र में परियोजनाओं की अवधारणा तैयार करने, निर्माण प्रक्रिया और डीपीआर निर्माण के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा होगी।

म्यूनिसिपल बॉन्ड से संसाधन जुटाने पर मंथन

शाम 4:15 बजे शुरू होने वाले तीसरे तकनीकी सत्र में टिपसन्स के उमेश खंडेलवाल म्यूनिसिपल बॉन्ड के माध्यम से शहरी विकास के लिए धन जुटाने की संभावनाओं पर जानकारी देंगे। इसके बाद हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख हितेश बोरड अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत निवेश योग्य शहरी अधोसंरचना और किफायती आवास परियोजनाओं के लिए उपलब्ध वित्तीय सुविधाओं की जानकारी देंगे।

आत्मनिर्भर नगरीय निकायों की दिशा में पहल

राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य नगरीय निकायों को विकास परियोजनाओं के लिए नए वित्तीय विकल्पों से परिचित कराना और उन्हें निवेश आकर्षित करने योग्य बनाना है। यदि इन वित्तीय मॉडलों का प्रभावी क्रियान्वयन होता है, तो शहरों में आधुनिक अधोसंरचना, किफायती आवास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने के अवसर बढ़ सकते हैं।

खबर संक्षेप

भाटापारा ने जीता मैच दो लाख से पुरस्कृत

कूंरा। सेतु कप सीजन-2 का फाइनल मुकाबला 18 तारीख दिन रविवार को धरसीवा के इंद्रप्रस्थ क्रिकेट स्टेडियम में भाटापारा वर्सेस लंकेश 11 मोहदी के बीच खेला गया। जिसमें भाटापारा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर 2 लाख रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं लंकेश 11 मोहदी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 1 लाख रुपये प्राप्त किया। तृतीय पुरस्कार 50,000 रुपये वेज ग्राफ्टिंग ढाबा की टीम और चतुर्थ पुरस्कार 25,000 रुपये मौली इंटरप्राइजेज की टीम रही। इस टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राज ठाकुर रहे जिनको 7,000 रुपये कैश प्राइज दिया गया। इस टूर्नामेंट में 300 खिलाड़ी 16 टीमों के बीच मुकाबला हुआ। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि साहिल खान सरपंच धरसीवा के हाथों से पुरस्कार वितरण किया गया । खिलाड़ियों के उत्साह के लिए टूर्नामेंट का आयोजक पुष्कर वर्मा, सुजीत यादव, मोंटी साहू, सूरज देवांगन, नीलमणि, आदिल, निक्कू वर्मा, राजेश साहू ने शानदार आयोजन कराया।

किरना केनाल के अंतिम छोर तक नहीं पहुंचा पानी

तरपोंगी। भाटापारा नहर शाखा के अंतर्गत आने वाले किरना केनाल के अंतिम छोर में बसे गांवों में अब तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंचा है,



जिससे किसानों की खड़ी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। पानी के अभाव में मोहदा, तरपोंगी और सड्डू सहित आसपास के गांवों के खेतों में गहरी दरारें पड़ने लगी हैं, जिससे क्षेत्र के अन्नदाताओं की चिंताएं बढ़ गई हैं। क्षेत्रीय जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ा रोष जताते हुए टेल एरिया तक तत्काल पानी पहुंचाने की मांग की है। वर्मा ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते अंतिम छोर के किसानों तक पानी नहीं पहुंचाया, तो वे किसानों के हक के लिए उग्र जन आंदोलन और चक्काजाम करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

बस किराया वृद्धि जनता की जेब पर हमला : खिलेश

आरंग। जनपद पंचायत आरंग के पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेश देवांगन ने बस किराए में वृद्धि को लेकर आम जनता पर पड़ रहे महंगाई के बोझ पर चिंता जताई है। खिलेश देवांगन ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। गेहूं, चावल, दाल, खाद्य तेल, शक्कर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतों का असर केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि माल ढुलाई से लेकर खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ता है। रोजाना बस से यात्रा करने वाले लोगों के मासिक खर्च में वृद्धि होगी। इसका सबसे ज्यादा असर उन परिवारों पर पड़ेगा, जिनकी आय सीमित है और जिन्हें काम, पढ़ाई या अन्य जरूरी कार्यों के लिए नियमित रूप से यात्रा करनी पड़ती है।

पलारी में 45 फीट के रावण का दहन, घंटों चली आतिशबाजी

पलारी। नगर पंचायत पलारी में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। दशहरा उत्सव के अवसर पर बुराई के प्रतीक 45 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचे जहां दशहरा मैदान खचाखच भरा रहा लोगो की अपार मौजूदगी आतिशबाजी अंत तक डटे रहे। पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा और आकर्षक आतिशबाजी ने लोगों का मन मोह लिया।

निधन

उषा यादव

आरंग। शास्त्री नगर आरंग निवासी 45 वर्षीय उषा यादव का सोमवार



को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व नगर के लोग शामिल हुए। वे राहुल यादव की मां थी।

संकरा के स्कूल में विद्यार्थियों को दिया सड़क व अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में सजग बनाने और आपात्कालीन स्थितियों से निपटने में सक्षम करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, संकरा में एक दिवसीय सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड (एसईएमएल) के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन, अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव तथा घरेलू स्तर पर ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि सड़क पर चलते समय छोटी-छोटी लापरवाहियाँ बड़े हादसों का कारण बन सकती हैं। इसलिए यातायात नियमों का पालन करना न केवल कानूनन आवश्यक है, बल्कि यह स्वयं और दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए भी अनिवार्य है। इसके साथ ही, आग लगने जैसी आपात स्थिति में घबराने के बजाय किस तरह धैर्यपूर्वक सतर्कता बरतनी चाहिए और बचाव के प्राथमिक उपाय क्या होने चाहिए, इस पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को घरेलू स्तर पर गैस सिलेंडर और बिजली के उपकरणों के इस्तेमाल में बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का लाभ विद्यालय के 145 छात्र-छात्राओं ने उठाया।



जीवन रक्षा के लिए सतर्कता जरूरी

सुरक्षा केवल नियम नहीं, जीवनशैली का हिस्सा बनेः विवेक चौधरी

विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड के हेड-एचआर विवेक चौधरी ने कहा कि सुरक्षा केवल कागजों या नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे हमें अपनी दैनिक दिनचर्या और जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। आज के समय में सड़क हादसों और घरेलू दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। जब युवा पीढ़ी यातायात नियमों का पालन करेगी और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के व्यावहारिक उपाय सीखेगी, तभी एक सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस प्रशिक्षण सत्र में सीखी गई बातों को न केवल स्वयं अपनाएं, बल्कि अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। संस्था के हेड-एचआर विवेक चौधरी तथा हेड-सीएसआर सुरेंद्र लांजेवार के मार्गदर्शन एवं सीएसआर अधिकारी गौरी बोले की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत संकरा के सरपंच रघुनाथ साहू, विद्यालय के प्राचार्य वी. के. नायक और समस्त शिक्षकगण विशेष रूप से मौजूद रहे।

पर्व : जसगीत और आतिशबाजी के बीच मां दुर्गा को विदाई

मांदर की थाप और जसगीतों के बीच नम आँखों से दी गई माँ दुर्गा को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शारदीय नवरात्र के समापन के साथ ही ग्रामीण अंचल के ग्राम रीवा, कुकरा, संडी, नारा, भानसोज, उमरिया, सिवनी, गोढ़ी, बकतरा, परसदा, पलौद, धमनी, गुजरा, डीघारी, टेकारी, खमरिया, खोली, करहिडीह, मालिडीह, बरछा, फरफौद, गनौद सहित अन्य गांवों में मां दुर्गा की विदाई का उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। नौ दिनों तक माता की आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं ने विजयादशमी के अवसर पर मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी। मांदर की थाप, जसगीतों की गूंज और आतिशबाजी के बीच निकली विसर्जन यात्रा में महिला और पुरुष श्रद्धालु पारंपरिक उल्लास के साथ शामिल हुए। माता के जयकारों से गांवों की गलियां गूंज उठीं और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा विसर्जन के दौरान महिलाओं और पुरुषों ने मांदर की थाप पर जसगीत गाते हुए मां दुर्गा की प्रतिमाओं का गली-गली भ्रमण कराया। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। जगह-जगह आतिशबाजी कर माता की विदाई को यादगार बनाया गया। विसर्जन यात्रा में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। माता की विसर्जन यात्रा जब गांव की गलियों से होकर गुजरी, तब महिलाओं ने अपने घरों के सामने चौक-पुरकर पूजा की थाली सजाई। मां दुर्गा की प्रतिमा पहुंचने पर महिलाओं ने विधि-विधान से आरती उतारी और पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद लिया और वितरित प्रसाद को श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। घर-घर में हुए इस पारंपरिक स्वागत ने विसर्जन यात्रा की धार्मिक महत्ता और बढ़ा दी। ग्रामीण अंचलों में दुर्गा विसर्जन के दौरान छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपराओं की अनूठी झलक देखने को मिली। मांदर की थाप पर गाए जाने वाले जसगीतों ने श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह भर दिया। महिला और पुरुष सामूहिक रूप से माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। इस आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया। नौ दिनों तक माता की सेवा और आराधना करने के बाद विदाई की बेला में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। भक्तों ने अगले वर्ष फिर से माता के आगमन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। मांदर की गूंज, जसगीतों और जयकारों के बीच निकली विसर्जन यात्रा के साथ नवरात्र उत्सव का समापन हुआ। हालांकि, माता की विदाई के बाद भी श्रद्धालुओं के मन में भक्ति और अगले वर्ष उनके पुनः आगमन की प्रतीक्षा बनी रही।



अंचल में नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई

तरपोंगी। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के समापन पर तरपोंगी अंचल के सभी गांवों में नौ दिनों तक पूरी श्रद्धा और विधि-विधान से पूजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन नम आंखों से किया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'मां के जयकारों' और भक्ति गीतों से गूंज उठा। अंचल के प्रमुख गांवों सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही विसर्जन की तैयारियां शुरू हो गई थीं। महिलाओं ने मां को सिंदूर अर्पित कर सुहाग की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामना की। इसके बाद गाजे-बाजे और ढोल-ताशों की धुन पर भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु थिरकते और गुलाल उड़ाते नजर आए। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए स्थानीय तालाब पर पहुंची, जहां अंतिम महाआरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने /"अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ प्रतिमाओं को जल में प्रवाहित किया। इस भावुक पल में ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं।

सांकरा में रावण दहन आज अनुराग शर्मा देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा (धनेली)

ग्राम सांकरा में दशहरा पर्व के अवसर पर 21 अक्टूबर को परंपरानुसार रावण दहन किया जाएगा। इसके बाद रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें अनुराग शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच रघुनाथ साहू ने बताया कि आयोजन की तैयारियां जारी हैं। दशहरा पर्व को बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाते हुए ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। सरपंच ने ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

मंदिर हसौद में दशहरा महोत्सव आज

मंदिर हसौद। नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद शास्त्री चौक से श्री राम जानकी मंदिर बाड़ा परिसर में रामलीला मंचन का 69 वा वर्ष के पर 7 दिवसीय भगवान श्री रामलीला का मंचन किया जा रहा है। जोकि 15 अक्टूबर से भगवान श्री राम का जन्म से लीला का शुभारंभ किया गया ,जिससे मंदिर हसौद पूरे अयोध्या जैसे चारों तरफ में खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ था। दूसरे दिन 16 को मुनि आगमन, ताड़का वध,मारीच दरबार, तृतीय दिवस 17 को धनुष यज्ञ, परशु राम संवाद, श्री राम विवाह, चतुर्थ दिवस 18 को सूर्पनखा प्रसंग खरदूषण वध ,सीता हरण, पंचम दिवस सुग्रीव मित्रता, बाली वध लंका दहन हुई, तथा छठवां दिवस अंगद रावण संवाद,लक्ष्मण शक्ति बाण कुंभकरण वध, और सातवां दिवस 21 अक्टूबर को भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन।

जहां मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार अनुसूचित जाति विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन । अति विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण शर्मा पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी पूर्व विधायक डॉ. शिवकुमार डहरिया पूर्व कैबिनेट मंत्री, अध्यक्षता गोपाल चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद कार्यक्रम के आयोजन संचालक त्रिलोचन साहू, संरक्षक शोभित साहू अजय सिंहा राधे श्याम पटेल, अध्यक्ष आदित्य सिंहा, उपाध्यक्ष देव कुमार वर्मा ,कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंहा, सचिव निर्मलकर, सह सचिव देवानंद साहू संगठन सचिव धनेश पटेल, प्रचार प्रमुख नरेंद्र ध्रुव होंगे।

स्काउट-गाइड ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

कृष्णा पब्लिक स्कूल आरंग में 16 अक्टूबर को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्काउट-गाइड, कब एवं बुलबुल के विद्यार्थियों ने रैली, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और मानव श्रृंखला के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और सड़क पर सावधानी बरतने के लिए लोगों को जागरूक किया। जिला संघ रायपुर के अध्यक्ष जी. स्वामी, जिला मुख्य आयुक्त राजीव चक्रवर्ती एवं जिला आयुक्त एम.जी. सतीश कुमार के निर्देश पर विकासखंड आरंग के विभिन्न विद्यालयों में अभियान चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन गाइड प्रभारी बिंदु दुबे ने किया। आयोजन में स्काउट मास्टर दशरथ साहू, फ्लॉक लीडर आरती साहू एवं लेडी स्काउट मास्टर प्रतीक्षा बंजारे का सहयोग रहा।



रामलीला केवल धार्मिक कथा नहीं संपूर्ण जीवन का दर्शन है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के 107वें वर्ष के रामलीला मंचन के नवें दिवस पर आयोजित अहिरावण वध एवं देवी लीला कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए ।इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने समस्त नगरवासियों को शारदीय नवरात्रि की महानवमी और विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शिवरतन शर्मा ने कहा कि रामलीला का मंचन हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह केवल धार्मिक कथा का मंचन नहीं है, बल्कि संपूर्ण जीवन का दर्शन है। रामलीला के प्रत्येक पात्र में एक गहरा संदेश छिपा है और प्रत्येक प्रसंग हमें बताता है कि असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की सदैव विजय होती है। न्होंने कहा कि जब हमारे बच्चे और युवा रामलीला देखते हैं, तो वे धर्म, त्याग, सत्य, कर्तव्य और मर्यादा जैसे सनातन मूल्यों को आत्मसात करते हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा कि त्रेता में अवतरित भगवान राम का जीवन मूल्य आज के समय की आवश्यकता है। प्रभु श्रीराम का आदर्श जीवन हमें सिखाता है कि जीवन में कितनी भी विपरीत परिस्थितियां क्यों न हों, हमें अपने सिद्धांतों और वचनों का पालन करना चाहिए। भगवान राम का आदर्श भारत के सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन करता है और बिना किसी सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विषमताओं के प्रगतिशील राष्ट्र का निर्माण करना ही भगवान राम के जीवन का संदेश है। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने नाटक मंडली के सभी पदाधिकारियों एवं कलाकारों से भेंट कर शानदार मंचन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं, कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



मां दुर्गा को दी गई विदाई, विसर्जन में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

खरोरा। खरोरा अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं ने दुर्गा अष्टमी पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हवन कर ग्राम की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की। पूरे नवरात्र के दौरान गांवों में भक्तिमय माहौल रहा और माता के जयकारों से क्षेत्र गूंजता रहा। नवमी के अवसर पर खरोरा क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। माता की विदाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल हुए। सेवा मंडली के सदस्यों ने पारंपरिक जसगीतों की मधुर प्रस्तुति दी। जसगीतों और माता के जयकारों के बीच श्रद्धालु प्रतिमा को लेकर शीतला तालाब पहुंचे, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया।



क्षेत्र की सुरक्षा, सुख-समृद्धि की कामना

आरंग थाना परिसर में जवानों ने की अस्त्र-शस्त्रों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी का पर्व आरंग नगर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आरंग थाना परिसर स्थित शस्त्रागार में पारंपरिक रूप से अस्त्र-शस्त्रों का विधि-विधान से पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न इस धार्मिक अनुष्ठान में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने क्षेत्र की सुरक्षा, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। थाना प्रभारी नरेश साहू के नेतृत्व में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई।

इस दौरान शस्त्रागार में रखे अस्त्र-शस्त्रों का विधिवत पूजन कर तिलक लगाया गया तथा पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में थाने के समस्त पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

थाना प्रभारी नरेश साहू ने बताया कि विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। राजा-महाराजाओं के समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी भारतीय सेना, सुरक्षा बलों और पुलिस विभाग में श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ निभाई जाती है। शस्त्र पूजन का उद्देश्य शस्त्रों के प्रति सम्मान के साथ समाज की सुरक्षा और कर्तव्य के प्रति समर्पण का भाव बनाए रखना है।





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया शस्त्र पूजन

आरंग। विजयादशमी पर्व पर नगर पंचायत समोदा उपखंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम में उपखंड कार्यवाहक ओम प्रकाश साहू, मुख्य वक्ता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष लखन साहू, नगर पंचायत समोदा के पार्षद भीष्म साहू, राजेश साहू सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर दीपक साहू, भूपेंद्र साहू, चंद्रशेखर साहू, मयंक साहू, संदीप साहू, अभिषेक सरकार, कोसरंगी मंडल कार्यवाहक, सुरेंद्र साहू, मंडल पालक, नरेंद्र साहू, टीकम साहू, लव कुमार साहू, श्यामलाल ध्रुव, ओमु साहू एवं संघ के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तरपोंगी में रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

तरपोंगी अंचल अंतर्गत ग्राम तरपोंगी, सड्डू, मोहदा, खैरखूंट सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 अक्टूबर को विजयादशमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक इस पावन अवसर पर विभिन्न गांवों में रावण दहन का भव्य आयोजन देखने को मिला। शाम ढलते ही मैदानों में आकर्षक आतिशबाजी के बीच बुराई के प्रतीक दशानन के विशालकाय पुतले का दहन किया गया। जैसे ही रावण का पुतला धू-धू कर जला, पूरा परिसर भगवान श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान ग्रामीणों ने एक-दूसरे को 'सोनपत्ती' भेंट कर विजयादशमी की बधाई दी और बड़ों का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण समितियों के सदस्य तथा भारी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन व ग्रामीण युवा भी सक्रिय नजर आए।



बच्चों की मुस्कान लौटाने के बाद अब महिलाओं को सुडौल काया देगा डीकेएस का बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कटे-फटे होंठ की समस्या को ठीक कर बच्चों की मुस्कान लौटाने वाला डीकेएस हॉस्पिटल का बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग महिलाओं को सुडौल काया दिलाएगा। इस विभाग में 24 अक्टूबर को ब्रेस्ट रिडक्शन एवं ब्रेस्ट ऑगमेंटेशन पर लाइव वर्कशॉप के साथ महिलाओं की निशुल्क जांच और जरूरी ऑपरेशन भी किए जाएंगे। एमसीएच पाठ्यक्रम वाले इस विभाग में बर्न और प्लास्टिक सर्जरी से जुड़ी दर्जनभर से ज्यादा सर्जरी हर महीने की जा रही है।

डीके हास्पिटल में संचालित बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में बीमारियों अथवा किसी हादसे में मिले जख्म अथवा अलग हो चुके अंगों को जोड़कर मरीजों की जान भी बचाई जा रही है। यह विभाग ऐसा है, जहां किसी वजह से खराब हो चुके शरीर के हिस्से को निकालकर उसका पुनर्निर्माण किया जाता है। आने वाले दिनों में यहां के चिकित्सक शारीरिक बनावट में कुछ कमियों की वजह से परेशान महिलाओं को सुडौल काया दिलाने के लिए जरूरी ऑपरेशन और इलाज करने की तैयारी में है। इसकी शुरुआत 24 अक्टूबर को लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप एवं सीएमई के माध्यम से होगी।

ब्रेस्ट रिडक्शन एवं ब्रेस्ट ऑगमेंटेशन विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में कोलकाता के प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन जुड़ेंगे जो महिलाओं के स्तनों के छोटे-बड़े होने की समस्या के कारण होने वाली शारीरिक समस्यों के इलाज के संबंध में जानकारी देंगे। इस दौरान समस्या के समाधान के लिए यहां आने वाली महिलाओं की जांच के साथ आवश्यक इलाज भी किया जाएगा।

खास खबर

खास बातें

- 24 अक्टूबर को लाइव वर्कशॉप के साथ होगा निशुल्क जांच एवं जरूरी ऑपरेशन
- एमसीएच पाठ्यक्रम वाले इस विभाग में हो रही हर महीने दर्जनभर से ज्यादा सर्जरी

प्लास्टिक सर्जरी के प्रति बढ़ रहा आकर्षण

शरीर को सुंदर बनाने के लिए प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी की तरफ लोगों का आकर्षण बढ़ रहा है। महानगरों के साथ प्रदेश में भी इस तरह के ऑपरेशन हो रहे हैं। यह विभाग उन मरीजों के लिए काफी मददगार होता है जिसके शरीर में बर्न अथवा एक्सीडेंट गहरे जख्म लगे है।प्लास्टिक सर्जरी विभाग ऐसे जख्म को ठीक करने के साथ उनके निशान मिटाने में भी मददगार होता है। विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन 30 से 40 मरीज पहुंचते हैं। इस विभाग को एमसीएच (सुपर स्पेशलिटी कोर्स) की दो सीटें भी प्राप्त हैं।



शासकीय स्तर पर एकमात्र स्किन बैंक

उप अधीक्षक डा. हेमंत शर्मा ने बताया कि शासकीय स्तर पर डीके अस्पताल में एकमात्र स्किन बैंक का संचालन हो रहा है, जहां अब तक दो दर्जन से ज्यादा परिवारों ने अपने रिश्तेदारों की त्वचा दान में दी है। इसके माध्यम से कई बार गंभीर मरीजों की सर्जरी कर लोगों की जान बचाई गई है। दान में मिली त्वचा का 60 प्रतिशत से अधिक उपयोग बर्न विभाग में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए किया जाता है। यहां कॉस्मेटिक सर्जरी, जिसमें चेहरे, नाक, बाल, स्तन एवं अनचाही चर्बी के इलाज की भी मरीजों को सुविधा मिल रही है।

खबर संक्षेप

पल्लवी बनीं सनातन हिंदू धर्म रक्षा दल की राष्ट्रीय महामंत्री

रायपुर। सनातन हिंदू धर्म रक्षा दल संगठन ने नवरात्रि के अवसर पर अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए छत्तीसगढ़ की प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता, उद्यमी एवं प्रबुद्ध चिंतक पल्लवी मनुदेव गौड़ा को 'राष्ट्रीय भारत महामंत्री' के महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किया है। संगठन ने उनके समृद्ध सामाजिक अनुभव, वैचारिक स्पष्टता और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण को देखते हुए यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है।



सरोगेसी एक्ट के पालन करने हुआ विचार मंथन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लिंग चयन प्रतिषेध एवं सहायक प्रजनन तकनीकों में नैतिक प्रथाओं को सुनिश्चित करने न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन में पीसी पीएनडीटी, एआरटी एवं सरोगेसी अधिनियम के क्रियान्वयन को सुदृढ़ करने पिछले दिनों प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. शशिकांत स्वर्णकार ने एक्ट के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति एवं प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों के जिला नोडल अधिकारी एवं राज्य टीम ने भाग लिया।

'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य अभियान' से सोमारू राम को मिली नई जिंदगी

रायपुर। बस्तर जिले में स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से बुजुर्ग के जीवन में छाई निराशा अब नई उम्मीद और उजाले में बदल गई है। तोकापाल विकासखंड की ग्राम पंचायत छापरभानपुरी के 68 वर्षीय सोमारू राम दोनों आंखों में मोतियाबिंद की वजह से पूरी तरह दृष्टिहीन हो चुके थे। हालत यह थी कि वे बिना लाठी के एक कदम भी नहीं चल पाते थे और दैनिक आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह दूसरों पर निर्भर रहने को विवश थे। सोमारू के जीवन में 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान' एक जीवनदायी वरदान साबित हुआ। यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छापर भानपुरी में पदस्थ ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट ऑफिसर ने सोमारू राम की आंखों की गहन जांच के बाद मोतियाबिंद की पुष्टि की।

निधन

डॉ. सत्यभामा आड़िल

रायपुर। शंकरनगर निवासी प्रख्यात शिक्षाविद एवं साहित्यकार डॉ. सत्यभामा आड़लि का 20 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे निवास से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विवेक आदिल, निवेदिता वर्मा एवं मनीष आड़लि की माता तथा प्रसिद्ध लेखिका सुधा वर्मा एवं रवि वर्मा की बहन थीं। वे सुंदरलाल शर्मा राज्य अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित थीं। अखिल भारतीय कुर्मी समाज की केंद्रीय महिला अध्यक्ष के रूप में वे समाज का नेतृत्व कर चुकी थीं तथा मनवा कुर्मी महिला समाज की संस्थापक के रूप में उन्होंने महिलाओं के संगठन, सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।



4 हजार प्रकरणों में 5 साल से मिल रही सिर्फ तारीख

संभागायुक्त-अपर आयुक्त न्यायालयों में 9752 प्रकरण लंबित, आवेदक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के तहसील दफ्तरों की तरह सभी संभागों के आयुक्त एवं अपर आयुक्त न्यायालयों में भी प्रकरणों के निराकरण कछुए गति से किए जा रहे हैं। चारों संभागों में अभी तक कुल 32483 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 19800 प्रकरण निराकृत किए गए हैं, लेकिन अभी भी 9752 प्रकरण लंबित पड़े हुए हैं। इनमें लगभग 4 हजार प्रकरणों को दर्ज हुए 5 वर्षों से अधिक समय हो चुका है। इसके बाद भी इन प्रकरणों का अब तक निराकरण नहीं हो पाया है। इस तरह इन लंबित प्रकरणों में सिर्फ सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है।

बिलासपुर संभाग न्यायालयों में सबसे अधिक, दुर्ग में सबसे कम प्रकरण लंबित

संभाग आयुक्त एवं अपर आयुक्त न्यायालयों में सबसे अधिक लंबित प्रकरण बिलासपुर में है। यहां विभिन्न मामलों के कुल 6640 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 3229 के निराकरण किए गए हैं, वहीं 3340 प्रकरण अभी लंबित हैं। इसी प्रकार सरगुजा संभाग आयुक्त एवं अपर आयुक्त न्यायालयों में दर्ज कुल 9724 प्रकरणों में 6801 निराकृत किए गए हैं, वहीं 2923 प्रकरण लंबित हैं। रायपुर संभाग में भी इसी प्रकार आयुक्त-अपर आयुक्त न्यायालयों में कुल 7349 प्रकरण दर्ज हुए है, जिनमें 1575 का निराकरण हो चुका है तथा 2862 प्रकरण अभी लंबित है। सबसे कम दुर्ग संभाग आयुक्त-अपर आयुक्त न्यायालयों में प्रकरण लंबित हैं। यहां कुल 8770 दर्ज प्रकरणों में 8133 का निराकरण हो चुका है तथा मात्र 627 प्रकरण ही लंबित हैं।



न्यायालयों में इस तरह के प्रकरण लंबित

भूमिअर्जन, नजूल भूमि का बिक्री या पट्टे पर देने के अलावा अन्य प्रकार के हस्तांतरण, अधिवासी भूमि अंतरण की अनुमति, पंचायत पदाधिकारियों के निलंबन, खदानों और खनिज सामग्रियों से संबंधित कार्रवाई, अतिरिक्त भूमि का निर्धारण और घोषणा, विविध सामान्य राजस्व के मामले, चालू राजस्व वर्ष के भू-अभिलेखों में नामांतरण, सीमांकन, विवादित खाता विभाजन, व्यपवर्तन, अनुसूचित रूप से बेदखल किए गए भूमिस्वामी का पुर्नस्थापना, कोटवारों की नियुक्ति दंड उनका हटाया जाना, अवैध व्यापार, बंदोबस्त अभिलेखों के सुधार, भू-अभिलेख कागज में गलत प्रविष्टि का सुधार एवं विवाद प्रकरण, पंचायतों की स्थापना सहित अन्य कई तरह के प्रकरण संभाग आयुक्त एवं अपर आयुक्त न्यायालयों में मामले लंबित हैं।

न्यायालयों में कितने प्रकरण कब से लंबित, एक नजर...

	3 माह	3 से 6 माह	6 से 9 माह	9 से 12 माह	1 से 2 वर्ष	2 से 5 वर्ष	5 वर्ष से अधिक
बिलासपुर संभागायुक्त	90	68	71	76	338	508	1100
बिलासपुर कैंप कोर्ट रायगढ़	6	12	0	0	1	5	2
बिलासपुर संभाग अपरआयुक्त	22	19	29	29	145	189	631
सरगुजा संभागायुक्त	239	229	226	188	610	550	716
सरगुजा संभाग अपरआयुक्त	0	6	3	3	13	48	92
रायपुर संभागायुक्त	67	83	105	71	294	547	770
रायपुर संभाग अपरआयुक्त	42	40	37	40	127	276	371
दुर्ग संभागायुक्त	135	71	55	14	38	37	5
दुर्ग संभाग अपर आयुक्त	1	18	38	38	149	27	11

नए फिल्टर प्लांट की इच्छुक एजेंसी को पहले एमआईसी में देना होगा प्रेजेंटेशन, फिर एप्रूवल को जाएगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



शहर से लगे डूंडा गांव के सरकारी स्कूल के पास 10 एकड़ सरकारी जमीन पर नगर निगम का दूसरा फिल्टर प्लांट स्थापित करने की इच्छुक एजेंसियों को अब पहले मेयर इन काउंसिल के समक्ष अपना प्रेजेंटेशन देना होगा, उसके बाद ही नगर निगम का जल विभाग राज्य शासन के पास रेट एप्रूवल के लिए प्रस्ताव भेजेगा। महापौर और उनकी परिषद को संज्ञान में लाए बिना ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी चयन करने की प्रक्रिया को लेकर महापौर मीनल चौबे और उनकी परिषद की नाराजगी के बाद जल विभाग ने फिल्टर प्लांट लगाने के रेट कम कोड करने वाली मुंबई-कोल्हापुर की एजेंसियों को एमआईसी के समक्ष प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन तैयार कर प्रस्तुत करने कहा है। हाल ही में गांधी सदन में जल बोर्ड के कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान महापौर मीनल चौबे और बैठक में मौजूद सदस्यों ने इस पर नाराजगी जताते हुए जल विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया था। बैठक में निगम आयुक्त संबित मिश्रा भी मौजद रहे।

- महापौर और परिषद की नाराजगी का असर

दरअसल, गांधी सदन में जल बोर्ड और जल कार्य विभाग की गत सप्ताह समीक्षा बैठक महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान महापौर ने अफसरों पर जमकर नाराजगी जताते हुए डूंडा में प्रस्तावित नए फिल्टर प्लांट का बिना एमआईसी की बैठक में लाए टेंडर करने को लेकर एतराज जताते हुए इस पर सवाल उठाया। महापौर मीनल चौबे और उनके परिषद की नाराजगी को देखते हुए अब जल विभाग नए फिल्टर प्लांट के लिए निर्माण एजेंसी चयन से पहले एमआईसी के समक्ष संबंधित एजेंसियों से प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन कराएगा। विदित हो कि डूंडा में प्रस्तावित 150 एमएलडी के नए फिल्टर प्लांट निर्माण के लिए एजेंसी तय करने जल विभाग द्वारा किए गए ऑनलाइन टेंडर में मुंबई और कोल्हापुर की एजेंसी ने दिलचस्पी दिखाते हुए बिलो रेट कोड किया।

नशे की लत एवं महंगा शौक पूरा करने नाबालिग लड़के दे रहे चोरी की वारदातों को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नशे की लत और महंगा शौक पूरा करने नाबालिग लड़के आपराधिक घटनाओं के साथ चोरी की वारदातों को भी अंजाम दे रहे हैं। राजधानी में इससे पूर्व हत्या, हत्या का प्रयास, लूट आदि मामलों के साथ नशीली चीजों के साथ पकड़े गए प्रकरणों में नाबालिग लड़कों की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। इन प्रकरणों के अलावा चोरी की वारदातों में भी कई नाबालिग लड़के पकड़े जा चुके हैं, जिनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी हुई है। इनमें से ज्यादातर प्रकरणों में परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण नाबालिग लड़के नशे की लत एवं महंगा शौक पूरा करने के लिए इस तरह की वारदातों को अंजाम देते हैं, जिसे रोकने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयास भी करता आ रहा है। इसके बावजूद नाबालिग लड़के इस तरह की आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

महंगा शौक पूरा करने एवं नशे की लत के कारण चोरी की घटना को दिया अंजाम

पुलिस सूत्र से पता चला कि सरोना में सूने मकान में चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया नाबालिग लड़का नशे के आदी है तथा अपना महंगा शौक पूरा करने के लिए उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस तरह वारदातों में शामिल ज्यादातर नाबालिगों में महंगा शौक मोबाइल, रेडीमेड कपड़े, दोपहिया वाहन, नशा आदी का रहता है। अपने शौक को पूरा करने के लिए वे आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं।



आमानाका क्षेत्र में सूने मकान में चोरी का आरोपी नाबालिग निकला

आमानाका थाना क्षेत्र अंतर्गत सरोना में 18-19 अक्टूबर की दरम्यानी रात में एक सूने मकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोर मकान के पीछे की दीवार कूदकर दरवाजे में लगा ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुआ और आलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे लगभग 8 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया। इस घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराने के बाद पुलिस ने जांच करते हुए एक नाबालिग लड़के को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के जेवरात भी बरामद किए हैं। उसके पास से चोरी के 2 सोने की चेन, 2 सोने के लॉकेट, 2 सोने की चूड़ी, 2 जोड़ी सोने की नाक नथ, 2 सोने की बाली चेन वाली, 2 जोड़ी चांदी की पायल, चांदी के सिक्कों की माला शामिल है। आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



भरत नाट्यम में प्रियांशु प्रथम, ताल, भाव अभिनय का सुंदर समन्वय

रायपुर। रंगमदिर आडिटोरियम में आयोजित 19वें डांस फेस्ट में भरतनाट्यम की ओपन केटेगरी में प्रियांशु सिंह देव ने सुंदर प्रस्तुति देकर अपने नृत्य कला की अमिट छाप छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके नृत्य में शास्त्रीय नृत्य की मुद्राओं, ताल और भाव अभिनय का सुंदर समन्वय कला प्रेमियों को देखने का मौका मिला। यह उत्सव 16 से 26 अक्टूबर तक चलेगा।

भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को समर्पित राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता में प्रियांशु सिंह देव ने अपनी उत्कृष्ट नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि प्रियांशु सिंह देव की भरतनाट्यम प्रस्तुति शास्त्रीय नृत्य की बारीकियों, अनुशासन और कलात्मक अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण रही। वे गुरु डॉ. जी. रतीश बाबू के मार्गदर्शन में भरतनाट्यम की साधना कर अपनी कला को निखारने में लगी हैं।

6 माह की बेटी को दो बार जमीन पर पटका, हालत नाजुक, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पत्नी और पति के बीच हुए विवाद के दौरान युवक ने अपना गुस्सा 6 माह की मासूम बेटी पर उतार दिया। बेटी को उठाकर उसने दो बार जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगने से बेहोश हो गई। घटना के बाद मां अपनी बच्ची को एक निजी अस्पताल ले गई, जहां डाक्टर ने उसकी हालत देखते हुए एम्स रेफर कर दिया। एम्स में भी उसकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है। इधर पुलिस ने इस मामले में आरोपी पिता को बच्ची को जान से मारने का प्रयास के मामले में गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

- पत्नी से विवाद के दौरान गुस्से में बेटी को जान से मारने का किया प्रयास

सरस्वतीनगर थाना प्रभारी ने बताया कि बीएसयूपी कालोनी निवासी आरोपी आशीष कावरिया 20 वर्ष अपनी पत्नी एवं 6 माह की बच्ची के साथ रहता है। आशीष और उसकी पत्नी दोनों अलग-अलग जाति के हैं। दोनों प्रेम प्रसंग में थे तथा आपसी सहमति से अंतरजातीय विवाह किया था। बताया गया कि विवाह के बाद से दोनों के बीच छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा होने लगा। ज्यादातर दोनों के बीच झगड़ा पत्नी के मायके जाने को लेकर होता था। बताया जा रहा है कि 14 अक्टूबर को पत्नी, बच्ची को लेकर मायके चली गई थी। आशीष जब उसे लेने ससुराल पहुंचा, तो दोनों के बीच फिर इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि इस बार आशीष का गुस्सा आपे से बाहर हो गया और उसने गुस्से में अपनी 6 माह की बेटी को उठाकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद भी वह शांत नहीं हुआ और बच्ची को जमीन से उठाकर दोबारा उसे पटक दिया, जिससे बच्ची मौके पर ही बेहोश हो गई।



कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

पुलिस ने इस मामले में आरोपी पिता के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा 296, 351(2), 115(2) 109 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जानलेवा हमला करने के मामले में पिता गिरफ्तार

दो बार जमीन पर पटकने से बच्ची बेहोश हो गई। उसके सिर पर अंदरूनी गहरी चोटें आई हैं। घटना के बाद बच्ची को उसकी मां और उसके परिजन तत्काल एक निजी हास्पिटल ले गए, जहां डाक्टरों ने बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए एम्स रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि एम्स में बच्ची की हालत अभी नाजुक बनी हुई है। उसे अब तक होश नहीं आया है। डाक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि जमीन पर पटकने से सिर पर गहरी चोट आने से बच्ची कोमा में चली गई है। हालांकि वहां के डाक्टरों द्वारा उसे बचाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

पेज 7 के शेष

ढोल नगाड़ों के बीच जयकारों के...

दुर्गा प्रतिमाओं का विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन कुंड स्थल पर जोनवार अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम तीन पाली में विसर्जन व्यवस्था की निगरानी में लगाई गई है। नगर निगम जोन 8 के द्वारा महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर 7 क्रेन की व्यवस्था कुंड स्थल पर की गई है। इसके साथ ही दुर्गा प्रतिमाओं का सम्मानपूर्वक विसर्जन की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने 90 गोताखोर तीन पाली में लगाए गए हैं। इसके साथ ही सुरक्षा कर्मियों को स्थल पर व्यवस्था संभालने लगाया गया है।

सेप्टिक टैंक सफाई के लिए रोबोटिक...

के लिए आवेदन करने संबंधित जोन दफ्तर या मुख्यालय के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आवेदक घर बैठे ही सेप्टिक टैंक की सफाई कराने एक क्लिक पर ऑनलाइन बुकिंग करा सकेगा। इसके लिए उसे निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद परची भी ऑनलाइन मिलेगी। कुल मिलाकर सारा काम एक क्लिक पर करने की योजना पर काम चल रहा है।

टेक्नालॉजी और स्वच्छता के नए प्रयोग की शुरूआत करने रोबोटिक मशीन खरीदने ड्राफ्ट तैयार किया गया है। जेम पोर्टल पर जल्द इसकी खरीदी करने ऑनलाइन टेंडर निकलेगा। इसके अलावा नाले व नालियों की सफाई के लिए जेसीबी मशीन, पोकलेन मशीन, प्लास्टिक कचरा शहर से उठाने जटायु मशीन की भी खरीदी की जाएगी।

पुलिस कमिश्नर ने विजयादशमी...

पूजा-अर्चना भी की गई। शस्त्र पूजा के माध्यम से पुलिस बल के शौर्य, पराक्रम, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की परंपरा का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई तथा अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी जनसेवा, सुरक्षा और कर्तव्यपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।



खबर संक्षेप

भैंसा-भंडार-तेलासी मार्ग पर पेचवर्क जारी, 6 गांवों के लोगों को मिलेगी राहत

रायपुर। बरसात के दौरान सड़कों पर हुए गड्ढों को भरने और खराब सड़कों को सुधारने का काम शुरू हो गया है। इसी कड़ी में भैंसा-भंडार-तेलासी मार्ग पर भी मरम्मत की जा रही है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रभात सक्सेना ने बताया कि इस मार्ग की कुल लंबाई 19.2 किलोमीटर है। इसमें से अब तक 4 किलोमीटर सड़क की मरम्मत पूरी हो चुकी है, जबकि बाकी हिस्से में काम जारी है। कलेक्टर गौरव सिंह ने अधिकारियों को पेच रिपेयर का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है। सड़क की मरम्मत पूरी होने से आसपास के 6 गांवों के करीब 25 हजार लोगों को राहत मिलेगी। लोगों को रोजाना आने-जाने में आसानी होगी और खराब सड़क के कारण होने वाली परेशानी से छुटकारा मिलेगा।

मतदाता सूची 12 नवंबर को होगी प्रकाशित

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारणी निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के तहत मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवंबर तक किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर को होगा। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने अथवा अन्य दावा-आपत्ति दर्ज कराने के लिए 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक की अवधि निर्धारित की गई है। पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा।

सेवा सेतु पोर्टल से अब ट्रांसफर सर्टिफिकेट भी बनने लगा

रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग में ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) की सेवा को सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया गया है। इस सेवा के संचालन और प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए प्राचार्यों को सेवा सेतु पोर्टल का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण में ऑनलाइन आवेदन, पोर्टल पर उपलब्ध सेवाओं और ट्रांसफर सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। ऑनलाइन व्यवस्था से अब लोगों को यह सेवा अधिक सुगमता से उपलब्ध होगी।

राष्ट्रीय एंटीमाइक्रोबियल स्ट्यूवर्डशिप सम्मेलन में एम्स की टीम ने बढ़ाया मान

रायपुर। एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस यानी रोगाणुओं पर एंटीबायोटिक और अन्य रोगाणुरोधी दवाओं का असर कम होना, आज वैश्विक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती है। यह दुनिया भर में बीमारी और मृत्यु के प्रमुख कारणों में शामिल है। इस गंभीर समस्या से निपटने और दवाओं के सही उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बठिंडा, पंजाब में पिछले दिनों राष्ट्रीय एंटीमाइक्रोबियल स्ट्यूवर्डशिप सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के विशेषज्ञों ने भाग लिया और एंटीमाइक्रोबियल दवाओं के उचित उपयोग तथा एएमआर की समस्या को कम करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। एम्स की 10 सदस्यीय टीम ने इस राष्ट्रीय सम्मेलन में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

प्रदेश के उद्योगों का पॉवर कट बंद, महंगी बिजली लेकर की जा रही है पूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के उद्योगों में अब पॉवर कट पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने हरियाणा और राजस्थान से महंगी बिजली लेकर उद्योगों को देना प्रारंभ कर दिया है। इन राज्यों से 10 रुपए यूनिट के हिसाब से बिजली की खरीदी की जा रही है। डेढ़ माह बाद अब जाकर सोमवार को उद्योगों को 24 घंटे बिजली मिली है। अब उद्योगों को लगातार 24 घंटे बिजली देने का प्रयास रहेगा। अगर कोई विकट स्थिति आई तो बात अलग है, नहीं तो अब उद्योगों की बिजली कट नहीं की जाएगी। बीते सितंबर से ही देशभर में बिजली संकट चल रहा है। यह संकट इस माह अक्टूबर में खपत के और बढ़ने के कारण गहरा गया। ऐसा होने के कारण उद्योगों में रोज 12 से 14 घंटों तक बिजली कटौती की जाने लगी। उद्योगों की बिजली काटने का प्रमुख कारण यह रहा कि खेती के लिए पानी की कमी के कारण कृषि पंपों के चलने से पॉवर कंपनी के पास बिजली कम पड़ रही थी। ऐसे में उद्योगों की शाम को पांच बजे से सुबह को सात बजे तक बिजली कटौती की जा रही थी। इतनी ज्यादा कटौती से परेशान होकर उद्योग बिजली नियामक आयोग की शरण में गए। आयोग ने पॉवर कंपनी को बिजली की व्यवस्था करने का फरमान जारी तो इसके बाद अब जाकर बिजली की व्यवस्था गई है।

अलग खबर

हरियाणा-राजस्थान से ले रहे हैं 10 रुपए यूनिट में 500 से 600 मेगावाट बिजली रोज

अपना उत्पादन कम, खपत ज्यादा

प्रदेश में इस समय पॉवर कंपनी के संयंत्रों का उत्पादन कम हो रहा है। अब भी 250 मेगावाट का एक संयंत्र बंद है। ऐसे में कंपनी का उत्पादन 22 सौ मेगावाट ही हो रहा है। खपत पीक ऑवर में 61 से 65 सौ मेगावाट तक जा रही है। ऐसे में पॉवर कंपनी को उद्योगों की बिजली कट करनी पड़ रही थी। अगर उद्योगों को भी बिजली देते तो खपत सात हजार मेगावाट के पार हो जाती। अब जहां खपत थोड़ी कम हुई है, वहीं कंपनी जो उप्र को तीन सौ मेगावाट एक्सचेंज की बिजली दे रही थी, वह देनी नहीं पड़ रही है। कंपनी इस समय हरियाणा और राजस्थान से 10 यूनिट में 500 से 600 मेगावाट बिजली ले रही है। ऐसे में उद्योगों के लिए बिजली की व्यवस्था हो गई है।



महंगी बिजली खरीद कर भी कर रहे हैं पूर्ति

देश के किसी भी राज्य में बिजली न मिलने के कारण परेशानी हो रही थी, इसलिए उद्योगों की बिजली मजबूरी में काटी गई। अब राजस्थान और हरियाणा से महंगी बिजली लेकर भी पूर्ति की जा रही है। उद्योगों को नियमित बिजली देने का प्रयास रहेगा।

- भीम सिंह कंवर
एमडी, वितरण कंपनी

रायपुरा के विप्र नगर के बघवा तालाब के सौंदर्यीकरण, गहरीकरण में 2:50 करोड़ खर्च

अंधेरे में डूबा बघवा तालाब, रंगत फीकी हफ्तों से लाइटें बंद, शिकायत बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम जोन 8 क्षेत्र स्थित संत रविदास वार्ड के विप्र नगर इलाके का बघवा तालाब इन दिनों अंधेरे में डूबा हुआ है। त्योहारी सीजन शुरू होने के बाद भी जोन 8 और निगम मुख्यालय के विद्युत विभाग के अधिकारी तालाब क्षेत्र में बंद पड़ी लाइटों के मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहे। इसके कारण बघवा तालाब सहित आसपास के क्षेत्र की रंगत फीकी पड़ने लगी है, जबकि इस तालाब को चमकाने से लेकर इसके सफाई, गहरीकरण, सौंदर्यीकरण कार्य के लिए नगर निगम मुख्यालय ने ऑनलाइन टेंडर कर अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कार्य कराया। इस कार्य में 2.50 करोड़ रुपए खर्च हुए।

रायपुर नगर निगम द्वारा अमृत मिशन के अंतर्गत करोड़ों रुपए खर्च कर रायपुरा क्षेत्र अंतर्गत बघवा तालाब का सौदर्यीकरण, गहरीकरण और गार्डन विकसित करने करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी अंधरे ने सब चौपट कर दिया है। तालाब की सफाई और गहरीकरण के बाद तालाब की दशा तो सुधरी पर पाथवे के आसपास लगाई गई दर्जनों स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद हैं। विद्युत विभाग से मीटर और टाइमर लगाने के बाद भी स्ट्रीट लाइटें बंद होने से लोग हैरान हैं। ठेका एजेंसी द्वारा कराए गए आधे-अधूरे काम का खामियाजा वहां के रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। हालत ये है कि सांझ ढलते ही बघवा तालाब और उससे लगे गार्डन में अंधेरा छाने से लोग यहां आने-जाने से हिचक रहे। वहीं असामाजिक तत्वों का आए दिन जमावड़ा होने से महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चों को यहां आने में डर सताने लगा है।

हरिभूमि सरोकार



ओपन जिम का प्रावधान हटाया

सूत्रों के मुताबिक अमृत मिशन के तहत बघवा तालाब के सौदर्यीकरण प्रोजेक्ट में बगीचा विकसित करने और ओपन जिम का प्रावधान शामिल रहा। इसे फेज 2 में समाहित करना था, पर बाद में ओपन जिम के प्रावधान को सुरक्षागत कारणों से हटा दिया गया। जबकि इसके लिए तालाब के कई हिस्सों में बड़ा भूखंड भी है। लेकिन जिम के उपकरण नहीं लग पाए। जिम की जगह बैडमिंटन कोर्ट जरूर बनाया गया है, पर यह सिर्फ मवेशियों के काम आ रहा है।

जोन को हैंडओवर किया है

बघवा तालाब सौदर्यीकरण प्रोजेक्ट से जुड़े निगम के विभागीय इंजीनियर का कहना है निगम आयुक्त के हस्ताक्षर युक्त लेटर के साथ बघवा तालाब प्रोजेक्ट को जोन 8 कमिश्नरी को हैंडओवर कर दिया है। जोन 8 के माध्यम से ही इसकी मानिटरिंग होगी।

जोन के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, मुख्यालय के विभागीय अधिकारी की अनदेखी

बघवा तालाब सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट 3 साल पहले नगर निगम मुख्यालय के माध्यम से कराया गया। निगम मुख्यालय से इसकी नियमित मानिटरिंग नहीं होने से अनुबंधित ठेकेदार ने आधा-अधूरा काम कर पल्ला झाड़ लिया। इधर जोन 8 कमिश्नरी भी बंद पड़ी लाइटों को दुरसत कराने ध्यान नहीं दे रहे। प्रोजेक्ट से जुड़े विभागीय अधिकारी का कहना है उन्होंने जोन 8 को यह प्रोजेक्ट हैंडओवर कर दिया है। इसलिए अब देखरेख की जिम्मेदारी संबंधित जोन की रहेगी।

महापौर ने की ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन और फिल्टर प्लांट के मशीनों की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दशहरा पर्व पर मंगलवार को महापौर मीनल चौबे ने निगम मुख्यालय भवन के भूतल पर स्थित निगम के प्रेस विभाग में मिनी ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन और रावणभाठा फिल्टर प्लांट में मशीनों की पारम्परिक पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने नगर निगम मुख्यालय के प्रेस विभाग और जलगृह मार्ग स्थित फिल्टर प्लांट के अधिकारियों व कर्मचारियों को विजयादशमी पर्व शुभकामनाएं दी।

विजयादशमी पर्व पर मशीनों की पारंपरिक पूजा-अर्चना के दौरान उनके साथ नगर निगम जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता जल नरसिंग फरेन्द्र सहित नगर निगम प्रेस विभाग और जल कार्य विभाग के कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित रहे।

कागज और पुट्ठे के वेस्ट से बनाई सुंदर कलाकृति

महापौर मीनल चौबे ने बेस्ट फ्रॉम द वेस्ट अंतर्गत कागज और पुट्ठे के बचे हुए सामग्री से बनाई गई सुन्दर कलाकृतियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर निगम प्रेस विभाग के प्लेसमेंट श्रमिक यशवंत सपहा और सोशल मीडिया तथा पेपरलेस मैनेजमेंट में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्लेसमेंट कंप्यूटर ऑपरेटर ओम सच्चीदानन्द बंजारे को प्रशस्ति पत्र देकर इस मौके पर सम्मानित किया। दरअसल, स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 की कड़ी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर की ओर से वेस्ट फ्रॉम दे वेस्ट कंसेप्ट पर कार्य करने का मौक दिया गया। जिसमें नगर निगम प्रेस विभाग के प्लेसमेन्ट हेल्पर यशवंत सपहा द्वारा प्रिंटिंग कार्य से कटिंग उपरांत कागज और पुट्ठे का पुनः उपयोग कर उनकी सहायता से प्रथम पूज्य देव गणपति, गुलदस्ता की आकृति, मंदिर, फूल, ग्रामीण परिवेश की प्रतिकृतियां सुंदर तरीके से उकेरी गई।

अंग्रेजों के जमाने का कलेक्टोरेट भवन भी टूटेगा, बनेगी नई बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंग्रेजों के जमाने में बनाय गया कलेक्टोरेट भवन को भी अब तोड़ने का प्लान किया जा रहा है। कलेक्टोरेट परिसर में 5 मंजिल नई बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य पूर्ण होते ही कलेक्टोरेट के पुराने भवन को तोड़ा जाएगा। तोड़ने से पहले इस पुराने भवन में लगने वाला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के कक्ष से लेकर अन्य अधिकारियों एवं विभागों के दफ्तरों को भी नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा। इसके बाद भी इस भवन को तोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। इधर नई 5 मंजिल बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है।

पीडब्ल्यूडी अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आगामी वर्ष में मानसून के आगमन से पहले तक लगभग 3 मंजिल तक काम पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके बाद यहां दफ्तरों को भी शिफ्ट किया जा सकता है।



जर्जर हो चुका पुराना भवन, गिर चुकी है छत

अंग्रेजों के जमाने का बना कलेक्टोरेट का भवन अब लगभग जर्जर स्थिति में है। इस भवन के एक कमरे की छत भी गिर चुकी है, जिसके बाद उस कमरे के अलावा अन्य कुछ कमरों को खाली कराकर सुरक्षा की दृष्टि से ताले जड़ दिए गए है।पहले इस पुराने भवन को नहीं तोड़े जाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन जब इस भवन की छत गिरी तो पता चला कि यह भवन कितना जर्जर हो चुका है तथा इसका रेनोवेशन पर खर्च करना फिजूल होगा। जर्जर भवन होने के बावजूद इस भवन में बैठने वाले कुछ अफसरों के दफ्तरों में लाखों रुपए खर्च कर उनका रेनोवेशन कराया गया है।

नई बिल्डिंग के निर्माण में आई तेजी

बारिश का सीजन थमने के बाद से अब पांच मंजिला कलेक्टोरेट बिल्डिंग के निर्माण में भी तेजी आई है। पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर जयप्रकाश चौरसिया ने बताया कि ग्राउंड के बाद अब फर्स्ट फ्लोर का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिस तेजी से काम चल रहा है उससे संभावना है कि आगामी मार्च से जून माह तक लगभग 3 मंजिल तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

सालभर में तैयार होगा नया भवन

एसपी भवन दफ्तर के खाली नहीं होने के कारण निर्माण कार्य विलंब से शुरू हुआ है, लेकिन काम अब तेजी से हो रहा है। लगभग एक साल के भीतर बिल्डिंग का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

- प्रभात सक्सेना
ईई, पीडब्ल्यूडी, रायपुर

महीनेभर में कमियां दूर करने के शपथपत्र पर मिली नर्सिंग कालेजों को मान्यता, अब मसला संबद्धता का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षकों सहित अन्य कमियों को महीनेभर के भीतर दूर करने के शपथपत्र के आधार पर नर्सिंग कालेजों को मान्यता तो मिल चुकी है, मगर आयुष विश्वविद्यालय की संबद्धता का मामला छुट्टियों के कारण अटका हुआ है। कालेजों को इस बात की चिंता है कि 11 दिन के भीतर बीएससी की 6 हजार से ज्यादा सीट और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश का काम कैसे पूरा हो पाएगा। आईएनसी ने प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय कर रखी है।

नर्सिंग कालेजों में प्रवेश काम पूरा करने में विभागीय सुस्ती की वजह से अंतिम तिथि नजदीक आती जा रही है और काउंसिलिंग का शेड्यूल तक जारी नहीं किया जा सका है। आईएनसी की उपयुक्तता पर अटका मामला काफी खींचतान के बाद खत्म हुआ और मान्यता रद्द की जा सकती है। सीजीएनआरसी ने 122 कालेजों की मान्यता सूची तो जारी कर दी है, मगर अब मामला विश्वविद्यालय से मिलने वाली संबद्धता पर अटका है। विश्वविद्यालय इसी सूची और अपने मानकों को पूरा करने वाले कालेजों को संबद्धता देगा। इसमें दशहरे की वजह से पड़ी छुट्टियां आड़े आई हैं। विवि से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस पर काम पूरा किया जा रहा है और वीक एंड तक इसकी सूची जारी कर दी जाएगी। नर्सिंग कालेज तब भी चिंता से मुक्त नहीं हो पा रहा है, क्योंकि मसला एडमिशन के लिए आयोजित होने वाले काउंसिलिंग की अंतिम तारीख है। भारतीय उपचर्या परिषद ने इसके लिए 31 अकटूबर अंतिम तारीख तय की है। यानी दस दिन के भीतर शेड्यूल जारी करना और उसी अवधि में काउंसिलिंग कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करना संभव नहीं है।



प्रवेश का काम पूरा करने बाकी है केवल 10 दिन, छुट्टी से काम अटका

सीजीएनआरसी ने निरीक्षण के करीब डेढ़ माह बाद विभिन्न शर्तों के साथ नर्सिंग कालेजों को मान्यता प्रदान की है। इसमें प्रमुख बिंदु में एक महीने के भीतर कालेजों में शिक्षकों सहित अन्य सुविधाओं को पूरा करने की शर्त प्रमुख है। कालेज प्रबंधन ने इस मसले पर छत्तीसगढ़ नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल को शपथपत्र लिखकर दिया है। इसमें उन्हें अल्टीमेटम है कि कमी दूर नहीं होने पर उनकी

छह साल से किराए का भवन अब छह माह

मान्यता देने की शर्तों में नर्सिंग कालेजों के खुद के भवन का मामला भी शामिल है। राज्य में दर्जनभर के लगभग कालेज किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। इनमें से ऐसे कालेज जो छह माह से किराए पर हैं अथवा इस मामले में जिन पर अर्थदंड हो चुका है। उन्हें खुद के भवन की व्यवस्था करने के लिए छह माह का वक्त दिया गया है। कालेजों को यह भी चेताया गया है कि वे नर्सिंग कालेजों में आईएनसी की स्वीकृत सीटों पर ही एडमिशन दे। इसके अतिरिक्त प्रवेश लेने वालों सीजीएनआरसी मान्यता नहीं देगा और इसकी जिम्मेदारी कालेज प्रबंधन की होगी।

नीट यूजी प्रवेश चौथे राउंड के लिए 1702 अभ्यर्थी

चिकित्सा शिक्षा विभाग नीट यूजी-2026 यानी एमबीबीएस-बीडीएस की रिक्त 180 सीटों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाले चौथे राउंड के लिए 1702 अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। इनमें पूर्व के साथ नए पंजीकृत अभ्यर्थियों को भी शामिल किया गया है। चौथे दौर की काउंसिलिंग में शासकीय मेडिकल कालेजों की 2 और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की 85 सीट शामिल है। इसके अलावा बीडीएस की 93 सीट रिक्त बची है। छुट्टी के दिन जारी सूची के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

बड़ा टर्सरी सेंटर इसलिए दूसरे मेडिकल कालेजों से भी आ रहे गंभीर प्रकरणों के शव

थानों का बंटवारा, फिर भी आंबेडकर अस्पताल में शवों का लोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दबाव ज्यादा इसलिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में देर, संदिग्ध मामलों में दस से पंद्रह दिन भी

परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए तीन अस्पतालों के बीच थानों का बंटवारा तो कर दिया गया, मगर चार साल बीतने के बाद भी आंबेडकर अस्पताल की मरचुरी में शवों का बोझ कम नहीं हो रहा है। बड़ा टर्सरी सेंटर होने की वजह से आसपास से भी संदिग्ध मामलों में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया इसी अस्पताल से पूरी कराई जा रही है। यहां रोजाना औसतन दस





पोस्टमार्टम हो रहे हैं, जिसकी वजह से रिपोर्ट मिलने में तीन से चार दिन और संदिग्ध प्रकरणों में दस से पंद्रह दिन का वक्त भी लग रहा है।

पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट के लिए लंबी वेटिंग की वजह से मामलों की जांच होने वाली देर को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2022 में जिला प्रशासन ने थानों का तीन अस्पताल एम्स, आंबेडकर और जिला अस्पताल के बीच बंटवारा किया है। इमसें एम्स और डिस्ट्रिक हास्पिटल को 6-6 थाने दिए गए थे और आंबेडकर अस्पताल के खाते में 13 थाने आए थे। नियम के मुताबिक थाना क्षेत्र में एक्सीडेंट सहित अन्य मामलों में मृत्यु होने पर शवों का पोस्टमार्टम संबंधित अस्पताल में किया जाना था। सिस्टम तो लागू कर दिया गया, मगर इसका पूरी तरह पालन चार साल बीतने के बाद भी नहीं हो पाया है। इसकी वजह से आंबेडकर अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉज विभाग में शवों का दबाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मेडिको लीगल मामलों में अस्पताल में भर्ती मरीजों के अलावा दूसरे थानों से भी शव परीक्षण के लिए यहां भेजे जा रहे हैं। अस्पताल में रोजाना औसत दस शवों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। ज्यादा दबाव होने के कारण रिपोर्ट तैयार कर संबंधित थानों को देने में भी देर हो रही है। सामान्य प्रकरणों में पीएम रिपोर्ट दो से तीन दिन में मिल जाती है, मगर संदिग्ध प्रकरणों में विभिन्न विवेचनाओं के आधार पर मौत का कारण स्पष्ट करने में दस से पंद्रह दिन का वक्त लग जाता है।

जिला अस्पताल में कई दिन खाली

सूत्रों के मुताबिक आंबेडकर अस्पताल में शवों की जांच के लिए जहां अतिरिक्त दवाब है, वहीं जिला अस्पताल में कई दिन खाली बीत जाता है। एम्स अस्पताल में भर्ती एमएलसी प्रकरणों में पोस्टमार्टम कर लेता है मगर डिस्ट्रिक हास्पिटल में यह प्रक्रिया तभी पूरी होती है जब उसके खाते में आए किसी थाने में कोई जानलेवा हादसा होता है। जिला अस्पताल के पास सिविल लाइन, विधानसभा, खम्हारडीह, पंडरी, तेलीबांधा, देवेन्द्र नगर थाना है। वहीं एम्स के पास आमानाका थाना, कबीरनगर, सरस्वती नगर, पुरानी बस्ती, आजाद चौक तथा दीनदयाल उपाध्याय नगर थाना है।

थाने ही नहीं अन्य जिलों से भी

आंबेडकर अस्पताल के पास वैसे तो गुढ़ियारी, मुजगहन, खमतराई, उरला, गंज, टिकरापारा, मौदहापारा, गोलबाजार, अजाक थाना, महिला थाना, मंदिर हसौद, कोतवाली तथा न्यू राजेन्द्र नगर थाना है। मगर यहां अन्य विभिन्न थाना क्षेत्र के साथ दूसरे जिलों से भी संवेदनशील मामलों में शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाता है। जिले में जहरखुरानी, आत्महत्या जैसे मामलों में शवों की जांच ब्लाक स्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी पूरी की जाती है। आंबेडकर अस्पताल के संबंधित विभाग में वर्तमान 3 सीनियर डाक्टरों के अलावा 13 पीजी डाक्टर और 5 अन्य स्टाफ मिलकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर रहा है।



हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 21 अक्टूबर 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



सत्य की विजय का मना उत्सव, दशहरा मैदानों पर उमड़ा जनसैलाब, भव्य आतिशबाजी के साथ जला बुराई का प्रतीक

राजधानी में जगह-जगह रावण, कुंभकर्ण, मेघनाथ के पुतले का दहन, लोगों ने मनाया विजयदशमी पर्व

असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के सभी प्रमुख दशहरा मैदानों पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के आदमकद पुतले भव्य आतिशबाजी के साथ जलाए गए। हर बार की तरह इस बार भी सबसे भव्य और ऐतिहासिक विजयादशमी उत्सव राजधानी के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी का दशहरा रहा, जहां 101 फीट ऊंचे दशानन के पुतले का दहन और भव्य आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहा। इस भव्य आयोजन का गवाह बनने हजारों की संख्या में लोग दशहरा उत्सव में भाग लिए।

रायपुर। इस ऐतिहासिक आयोजन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे सहित प्रदेश के मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक एवं निगम-मंडल के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। दशहरा उत्सव की भव्यता को रंगबिरंगी लाइट्स, एलईडी स्क्रीन प्रस्तुति, आदमकद के रावण, कुंभकर्ण, मेघनाथ के पुतले, थीम बेस्ड आतिशबाजी ने यादगार बना दिया। आयोजन में रावण दहन से पहले स्थानीय रामलीला मंडली के कलाकारों द्वारा जीवंत रामलीला का आयोजन किया गया। रामलीला में रामजी और रावण के बीच भीषण युद्ध और रामायण के विभिन्न पात्रों की हूबहू रूपांतरण ने दर्शकों को रोमांचित और सत्य के मार्ग पर सदैव चलने की प्रेरणा दिया। इस प्रकार रामलीला के अंत में श्रीरामजी ने अग्निबाण से बुराई और असत्य रूपी राक्षस रावण का संहार कर असत्य पर सत्य का विजय सुनिश्चित किया। रावण का पुतला दहन के साथ ही चारों ओर वातारण में सत्य और विजय का उत्सव व्याप्त हो गया।

छत्तीसगढ़ नगर में लगातार 19 वर्ष से दशहरा उत्सव, उमड़ा हुजूम

छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा विगत 19 वर्षों से लगातार दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं वार्डवासियों के सामूहिक सहयोग से यह आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी दशहरा उत्सव में कोलकाता की टीम द्वारा भव्य आतिशबाजी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही 45 फीट ऊंचा रावण तथा 30-30 फीट ऊंचे कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले, रामलीला देखने लोगों का हुजूम उमड़ा रहा।



सप्रे स्कूल मैदान बूढ़ापारा में 50 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन

सप्रे स्कूल मैदान में आज विजयदशमी उत्सव मनाया गया। यहां 50 फीट ऊंचे रावण का आदमकद पुतला, रामलीला और आतिशबाजी आकर्षण रहा। रावण पुतले का दहन शाम 6.50 बजे किया गया। शाम 4 बजे से भजन जैमिंग, जिसमें स्थानीय कलाकार भगवान श्रीराम और माता दुर्गा के भक्तिगीत प्रस्तुत से दर्शकों का मनोरंजन किया। साथ ही राम-लक्ष्मण की भव्य झांकी ने लोगों को भक्ति से सराबोर किया।

बीटीआई मैदान शंकरनगर में शाम 7 बजे पुतला दहन

खम्हारडीह सार्वजनिक दशहरा एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा बीटीआई मैदान में भव्य विजयदशमी उत्सव का आयोजन किया गया। दशहरा उत्सव के दौरान दिनभर मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम और भक्तिमय आयोजन हुए। वहीं शाम 7 बजे से रावण पुतले का दहन किया गया।

सत्य और धर्म की विजय का शाश्वत संदेश देता है विजयदशमी का पर्व : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री श्री साय ऐतिहासिक डब्ल्यूआरएस मैदान में आयोजित विजयदशमी महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विजयदशमी का पर्व केवल बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव नहीं, बल्कि सत्य, धर्म, न्याय और मानवता के मार्ग पर अडिग रहने का शाश्वत संदेश देने वाला महान सांस्कृतिक पर्व है। मुख्यमंत्री ने हजारों लोगों की उपस्थिति और प्रभु श्रीराम के जयकारों के बीच धनुष-बाण से रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को विजयदशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और मंगल की कामना की। वहीं मुख्यमंत्री श्री साय भाठागांव रावणभाठा दशहरा उत्सव में भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



शहर में इन जगहों पर भी धूमधाम से मना विजयदशमी



बोरियाखुर्द खेल मैदान में बड़े धूमधाम से विजयदश्मी का उत्सव मना। दशहरा मैदान में 45 फीट ऊंचे रावण के पुतले के साथ ही 30-30 फीट के कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन भव्य अतिशबाजी के साथ किया गया। विजयदशमी उत्सव की शुरुआत सुबह 10 बजे से पतंग उत्सव और दोपहर 4 बजे से सांस्कृतिक नृत्य, रामलीला व योग प्रदर्शन से हुआ। इसके बाद शाम 7 बजे बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। इसके बाद रात 8 बजे से उज्जैन की भजन मंडली द्वारा भक्तिमय भजन संगीत की प्रस्तुति दी। दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष गजेंद्र तिवारी ने बताया कि इस दशहरा उत्सव में बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधी शामिल हुए।

महाराष्ट्र मंडल परिसर में रावण का दहन

महाराष्ट्र मंडल परिसर में शाम 7 बजे विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर परंपरानुसार मंडल के वरिष्ठतम सभासद 10 फीट के दशानन के पुतले का दहन किया। हर वर्ष की तरह रंगीन आतिशबाजी कार्यक्रम का आकर्षण रहा। अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों, विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों सहित सभासदों से दशहरा उत्सव में शामिल हुए। वहीं सखी निवास की कामकाजी महिलाएं, दिव्यांग बालिका विकास गृह की विशेष बच्चियों सहित महाराष्ट्र मंडल का समूचा स्टाफ भी इस उत्सव में शामिल हुए।

रावणभाठा में रामलीला और भव्य आतिशबाजी रहा आकर्षण

भाठागांव ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान में 50 फीट ऊंचे रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले भक्तिमय रामलीला की प्रस्तुति हुई। शाम 7 बजे रावण दहन भव्य आतिशबाजी के साथ संपन्न हुआ। दशहरा उत्सव को लेकर सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति द्वारा भव्य मेला और रावण दहन की व्यवस्था किया गया। दशहरा उत्सव में रामलीला और भव्य आतिशबाजी देखने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी रही।



जोत जंवारा होथे माता..., भक्ति गीत पर भावुक मन से कलश-सांग धारण कर भक्तों ने माता को दी विदाई

माता प्रतिमाएं विसर्जन के दौरान झलका भक्तों के आंखों से आसू, भक्ति और आस्था की दिखी अनूठी झलक



दुर्गा पंडालों में विजयदशमी के साथ ही माता प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया है। नवरात्रि के 9 दिनों तक माता की सेवा-भक्ति करने के बाद उन्हें विदाई देना भक्तों के लिए कठिन व भावुक करने वाला पल रहा। श्रद्धालु डीजें, ढोल नगाड़े के साथ जोत जंवारा होवत हे..., जैसे माता के भक्ति गीतों पर भावुक मन से विदाई दी।

रायपुर। इस दौरान भक्त माता की भक्ति में लीन दिखे। श्रद्धालुओं ने सिर पर जोत जंवार की कलश और अपने शरीर पर सांग धारण कर भक्ति की शक्ति का प्रदर्शन किया। दशमी के दिन शहर के अधिकांश दुर्गा पंडालों से सुबह से ही माता की विदाई का सिलसिला शुरू हुआ, जो दोपहर 3 बजे तक चलता रहा। इस दौरान पंडालों पर दुर्गा विसर्जन से पूर्व हवन-पूजन और भंडारा प्रसादी वितरण में भक्तों का तांता लगा रहा। संतोषी नगर, संजय नगर, भाठागांव, महादेवघाट रोड रायपुरा, डॉ. राजेंद्र नगर सहित शहर के हर क्षेत्र के सड़कों पर देवी प्रतिमा विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े रहे। माता की विदाई के दौरान भक्त भक्ति में भावविभोर दिखे। दुर्गा विसर्जन जुलूस में बच्चे, बड़े, महिलाएं सभी उत्साह और श्रद्धा-भक्ति के रंग में सराबोर होकर झूमते-गाते विसर्जन कुंड तक पहुंचे।









काली-दुर्गा का रूप लेकर निकले

माता प्रतिमा विसर्जन के दौरान महिला श्रद्धालुगण नवदुर्गा, काली के रूप लेकर शामिल हुए। वहीं बच्चे व पुरूष वर्ग के श्रद्धालु सांग धारण कर माता की भक्ति की। कन्याएं व महिलाएं पारंपरिक परिधानों में झूमते-गाते माता की विदाई में पहुंचे रहे। पूरे शहर में माता प्रतिमाएं विसर्जन के दौरान भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। 9 दिनों तक माता की सेवा-भक्ति करने के बाद उन्हें विदाई देना भक्तों के लिए कठिन व भावुक करने वाला पल रहा।

अस्त्र-शस्त्र की पूजा-अर्चना कर निभाई धर्म की रक्षा के संकल्प की परंपरा



विजयदशमी के पावन अवसर पर श्रीदूधाधारी मठ में दशहरा पूजन का कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मठ में स्थापित अस्त्र-शस्त्रों, वाहनों तथा अश्व का विधि-विधानपूर्वक पूजन किया गया। धार्मिक परंपराओं के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में मठ की प्राचीन परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत का दर्शन हुआ। उल्लेखनीय है कि राजेश्री महन्त जी महाराज इसके पूर्व जैतू साव मठ पुरानी बस्ती में भी शस्त्र पूजन, सरस्वती चौक में दुर्गा पूजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। राजेश्री महन्त जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि- विजयदशमी का पर्व धर्म की अधर्म, सत्य की असत्य तथा सदाचार की दुराचार पर विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने जीवन में धर्म, सत्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

कंकाली मठ के खुले पट, दर्शन करने भक्तों की लगीं कतारें



राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित कंकाली मठ के कपाट विजयदशमी पर साल में एक बार खोले गए। मंगलवार सुबह 6 बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मठ में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी रही। श्रद्धालु कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किए, फिर दर्शन का सौभाग्य उठाया। इस दौरान प्राचीन वस्तुओं एवं अस्त्र-शस्त्रों की विशेष पूजा-अर्चना की गई। साल में केवल एक दिन इन वस्तुओं के दर्शन का अवसर मिलने के कारण श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु मंगलवार रात 12 बजे तक मठ में रखी इन प्राचीन वस्तुओं के दर्शन करते रहे।

धुनुची नृत्य के साथ मां की भक्ति कर निभाई बंगाली दुर्गा पूजा की सदियों पुरानी परंपरा

श्रीश्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर में श्रद्धालुओं ने आकर्षक धुनुची नृत्य कर मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति अर्पित की। मंदिर परिसर में आयोजित इस पारंपरिक नृत्य में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। धुनुची नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। समिति की सांस्कृतिक प्रभारी सुचित्रा बर्धन एवं सचिव विवेक बर्धन ने बताया कि धुनुची नृत्य बंगाली दुर्गा पूजा की सदियों पुरानी परंपरा है। दुर्गा पूजा पंडालों में विशेष रूप से किए जाने वाले इस नृत्य में श्रद्धालु धूप से भरी धुनुची लेकर मां दुर्गा के समक्ष नृत्य करते हैं। यह नृत्य मां के प्रति समर्पण, आस्था और शक्ति-आराधना का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि धुनुची नृत्य बंगाली संस्कृति और धार्मिक आस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। मां दुर्गा की आराधना के भाव के साथ श्रद्धालु यह नृत्य करते हैं और मां से सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद मांगते हैं। भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव से धुनुची नृत्य प्रस्तुत कर मां दुर्गा को प्रसन्न करने तथा मनोवांछित कार्यों की सिद्धि की कामना की। समिति द्वारा राजेंद्र नगर में यह 46 वर्ष दुर्गोत्सव के साथ इस पारंपरिक आयोजन किया गया है।



दुर्गोत्सव



माँ जगत जननी दुर्गा उत्सव समिति, दुर्गा नगर, कैनाल रोड



माँ खल्लारी दुर्गा उत्सव समिति, बांस डिपो, रायपुरा



गोकर नव दुर्गोत्सव समिति, शहीद नगर, खमतराई



श्री हनुमान मंदिर दुर्गा उत्सव समिति, डॉ. बैस गली, ब्राह्मण पारा



श्री आनंद बाल समाज दुर्गोत्सव समिति, पटेल चौक, लालपुर



श्री महावीर परिवार दुर्गा उत्सव समिति, महावीर चौक, दलदल सिवनी



जय माँ दुर्गोत्सव समिति, निमोरा, शारदा चौक





बेटियों की जीत पर मना विजय जश्न

शेफाली-हरमनप्रीत के हर शॉट पर गूंजा स्टेडियम

रायपुर। दशहरे के उत्सवी माहौल के बीच रायपुर में क्रिकेट का जुनून भी अपने चरम पर नजर आया। भारत और जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीमों के बीच खेली गई टी-20 सीरीज के तीनों मुकाबलों ने शहर के क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भर दिया। छुट्टियों का फायदा उठाकर बड़ी संख्या में परिवार, बच्चे और युवा स्टेडियम पहुंचे और भारतीय महिला टीम का उत्साह बढ़ाया। मैदान पर चौकों-छक्कों की गूंज के साथ दर्शकों की तालियों और नारों ने मुकाबलों के माहौल को यादगार बना दिया। भारतीय बेटियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत की हैट्रिक लगाई और सीरीज में क्लीन स्वीप कर दर्शकों को जश्न मनाने का मौका दिया।

सीरीज के अंतिम मैच में परिवार, बच्चों और युवाओं से गुलजार रहा स्टेडियम

महिला क्रिकेट के तीनों मुकाबलों में दिखा जबरदस्त उत्साह, टीम इंडिया की जीत ने बढ़ाया रोमांच



शेफाली-हरमनप्रीत की बल्लेबाजी पर झूमे दर्शक

भारतीय महिला टीम की बल्लेबाजी के दौरान रायपुर के स्टेडियम में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत कौर के बल्ले से निकले चौकों-छक्कों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। हर आकर्षक शॉट के साथ स्टेडियम तालियों और शोर से गूंज उठता था। मैदान में बज रहे फिल्मी गानों पर क्रिकेट प्रेमी थिरकते नजर आए, तो दर्शक लगातार भारतीय खिलाड़ियों के नाम लेकर उनका हौसला बढ़ाते रहे। भारतीय पारी की शुरुआत से ही दर्शकों को आक्रामक बल्लेबाजी का रोमांच देखने को मिला।





हरमनप्रीत कौर

स्टेडियम में दिखा उत्सव जैसा माहौल

मैच के दौरान स्टेडियम में क्रिकेट के साथ उत्सव का रंग भी दिखाई दिया। परिवार के साथ पहुंचे दर्शकों में महिला क्रिकेट को लेकर खास उत्साह नजर आया। बच्चे हाथों में तिरंगा लिए भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते दिखे, तो युवा हर चौके और छक्के पर शोर मचाकर अपनी खुशी जाहिर करते रहे। महिला भारतीय बल्लेबाजों के आक्रामक शॉट और गेंदबाजों के विकेट लेते ही दर्शकों की आवाज से स्टेडियम गूंज उठता था।

बेटियों के प्रदर्शन ने जीता दिल

भारतीय महिला टीम ने मैदान पर अपने प्रदर्शन से दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास किया। बल्लेबाजों के चौकों-छक्कों से लेकर गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी तक, हर अच्छे प्रदर्शन पर स्टेडियम में उत्साह देखने को मिला। तीसरे मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 216 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर ने 41 गेंदों में नाबाद 91 रन की शानदार पारी खेली, जबकि शेफाली वर्मा ने 37 गेंदों में 69 रन बनाकर भारतीय पारी को मजबूती दी। इसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 124 रन ही बना सकी। भारत ने यह मुकाबला 92 रन से जीतकर सीरीज में क्लीन स्वीप किया। नंदनी शर्मा ने तीन विकेट लेकर गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाई। भारतीय बेटियों की इस सफलता ने दर्शकों के उत्साह को और बढ़ा दिया।







पांच छक्के ने बढ़ाया उत्साह

शेफाली वर्मा ने महज 37 गेंदों में 69 रन बनाकर जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। उनकी पारी में छह चौके और पांच छक्के शामिल रहे। शेफाली के बड़े शॉट पर दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। इसके बाद हरमनप्रीत कौर ने अपनी बल्लेबाजी से महफिल लूट ली। उन्होंने केवल 41 गेंदों में नाबाद 91 रन ठोक दिए। उनकी पारी में 10 चौके और पांच छक्के शामिल रहे। हरमनप्रीत के लंबे शॉट पर दर्शक अपनी सीटों से खड़े होकर तालियां बजाते और भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाते दिखाई दिए।

शेफाली वर्मा

सिटी स्पोर्ट्स

कश्मीर और नागालैंड में दम दिखाएंगे भिलाई के खिलाड़ी



भिलाई। इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर दुर्ग जिले और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। क्लब के दो होनहार खिलाड़ियों ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना स्थान पक्का किया है। क्लब के सचिव एवं मुख्य कोच अनिल कुमार देवांगन ने बताया कि जतिन नायक छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए 22 से 26 अक्टूबर तक जम्मू-कश्मीर में और टिकेंद्र कुमार महारा 14 से 18 नवंबर तक नागालैंड में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

ब्लूपीएल ऑक्शन सूची में छत्तीसगढ़ की दो क्रिकेटर



रायपुर। आगामी वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) के ऑक्शन के लिए छत्तीसगढ़ की दो महिला अंडर-19 खिलाड़ियों पलक सिंह और श्रेया श्रीवास का चयन ऑक्शन सूची में हुआ है। यह ऑक्शन आगामी 28 अक्टूबर को कोच्चि (केरल) में आयोजित किया जाएगा। पलक सिंह ने पिछले वर्ष खेले गए 8 मैचों में 5 विकेट लिए थे। इसके अलावा, उन्होंने गत वर्ष आयोजित 'डब्लूपीएल स्पीड क्वीन' प्रतियोगिता में 106 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर गोल्ड मेडल भी हासिल किया था। वहीं, श्रेया श्रीवास ने भी पिछले वर्ष शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 17 विकेट अपने नाम किए थे।

जर्मनी पैरा-आर्मरेसलिंग में श्रीमंत ने जीता रजत व कांस्य पदक

भिलाई। स्टार पैरा-आर्मरेसलर श्रीमंत झा ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाया है। जर्मनी में 16 से 19 अक्टूबर तक आयोजित 'जर्मनी पैरा-आर्मरेसलिंग कप 2026' में श्रीमंत ने भारत के लिए एक रजत (सिल्वर) और एक कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक अपने नाम किया। उन्होंने अपनी यह दोहरी सफलता देश के शहीद सैनिकों को समर्पित की है। श्रीमंत झा ने यह उपलब्धि बेहद कड़े मुकाबले वाली 85 किलोग्राम भार वर्ग श्रेणी में हासिल की। प्रतियोगिता में श्रीमंत ने मेजबान जर्मनी के दिग्गज खिलाड़ी एरिक होप को धूल चटाई और पोडियम पर तिरंगा लहराया।



ओसीए रेजिडेंशियल एकेडमी को हराकर पीसीसी दुर्ग ने 20 रन से जीता मैच



भिलाई। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित अंडर-15 यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत ओसीए रेजिडेंशियल एकेडमी और पीसीसी दुर्ग के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें पीसीसी दुर्ग ने 20 रन से जीत दर्ज की। शानदार प्रदर्शन करने वाले अभ्युदय वैष्णव को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के वरिष्ठ अंपायर राणा प्रताप सिंह के हाथों 'प्लेयर ऑफ द मैच' से पुरस्कृत किया गया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पीसीसी दुर्ग ने 7 विकेट पर 128 रन बनाए, जिसमें कप्तान जे. आदित्य ने 48 रन, रेहान अहमद ने 28 रन एवं कविश हैदर ने 23 रन बनाए। ओसीए के गेंदबाज स्वप्निल राणा ने 2, तथा सतमन्यु, आदित्य राज और नमन ने 1-1 विकेट लिया, जबकि दो खिलाड़ी रन आउट हुए। इसके जवाब में ओसीए रेजिडेंशियल एकेडमी की पूरी टीम 108 रनों पर ऑलआउट हो गई, जिसमें भाभातोश ने 33 और स्वप्निल राणा ने 23 रन बनाए। पीसीसी दुर्ग की ओर से गेंदबाजी में अभ्युदय वैष्णव और अरहम ने 3-3 विकेट, श्रीहित ने 2 और श्रीजन सोनी ने 1 विकेट लिया। इस मैच के अंपायर राणा प्रताप सिंह एवं पीयूष साहू तथा स्कोरर विनोद देवघरे रहे।

बदलती जीवनशैली बिगाड़ रही सेहत को, जरूरत सचेत रहने की

वात, पित्त और कफ का संतुलन बिगड़ने से बढ़ता है बीमारियों का खतरा, स्वस्थ रहने के लिए अपनाएं उपाय

खराब दिनचर्या, असंतुलित खानपान, शारीरिक निष्क्रियता और नींद की कमी से लाइफस्टाइल में गड़बड़ी से संबंधित बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। आयुर्वेद संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, योग, प्राणायाम और ध्यान पर जोर देता है। लोगों की लाइफस्टाइल जिस तरह गड़बड़ होती जा रही है, इसने कई तरह की बीमारियों के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। लगभग हर उम्र के लोगों में इसका खतरा हो सकता है। हम किस तरह का जीवन जीते हैं, क्या खाते हैं, कब सोते हैं, दिनचर्या की इन सभी आदतों का सेहत पर सीधा असर होता है। डॉक्टर बताते हैं जिन लोगों की दिनचर्या गड़बड़ होती है उनमें कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का खतरा हो सकता है। डायबिटीज से लेकर हृदय रोग, मेटाबॉलिज्म की समस्या हो या फिर मोटापा, ये सभी लाइफस्टाइल में गड़बड़ी से संबंधित मानी जाती हैं।

आयुर्वेद कहता है कि सभी लोगों को शरीर के दोषों (वात, पित्त और कफ) में असंतुलन से बचाव के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। अगर इस दिशा में प्रयास किए जाएं तो तेजी से बढ़ती कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।



लाइफस्टाइल की गड़बड़ी से होने वाली बीमारियां

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल की गड़बड़ी जैसे शारीरिक गतिविधि की कमी, अस्वास्थ्यकर भोजन, शराब-मादक द्रव्यों के सेवन के कारण हृदय रोग, स्ट्रोक, मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज और फेफड़ों का कैंसर तक का खतरा हो सकता है। इनमें से कई बीमारियों को जानलेवा भी माना जाता है। कम उम्र से ही सभी लोगों को लाइफस्टाइल को ठीक रखने का प्रयास करना चाहिए। ये वैश्विक स्तर पर बढ़ते इन रोगों के खतरे को कम करने के लिए बहुत आवश्यक है।



संतुलित आहार से सभी दोष रहते हैं संतुलित

आयुर्वेदिक सिद्धांतों के अनुसार, संतुलित आहार का मतलब केवल हमारे द्वारा खाए जाने वाले विशिष्ट खाद्य पदार्थों से ही नहीं है, बल्कि उन खाद्य पदार्थों के स्वाद, गुणों और संयोजनों के बारे में भी जानना जरूरी है। आयुर्वेद छह स्वादों को पहचानता है- मीठा, खट्टा, नमकीन, तीखा, कड़वा और कसैला। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपमें सभी दोष (वात, पित्त और कफ) संतुलित रहें हैं, संतुलित आहार में सभी छह स्वादों को उचित अनुपात में शामिल किया जाना चाहिए। ताजा, मौसमी फलों और सब्जियों का सेवन बहुत जरूरी है।

दिनचर्या को रखें ठीक

दैनिक दिनचर्या का ठीक रहना समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए सबसे आवश्यक अंग है। सुबह जल्दी उठने से लेकर, तेल से मालिश करने, स्नान और योग जैसी गतिविधियों से शरीर को आराम मिलता है। मन को



शांत करने के लिए संतुलित नाश्ता, नियमित व्यायाम और ध्यान करें। हर रात 7-8 घंटे की आरामदायक नींद का लक्ष्य बनाना शरीर के लिए बहुत आवश्यक है।

योग और ध्यान जरूरी

योग और प्राणायाम (सांस लेने के व्यायाम) आपके शरीर, मन और आत्मा में सामंजस्य स्थापित करने में मदद करते हैं। यह पूरे शरीर में ऊर्जा के कुशल प्रवाह को बढ़ावा देते हुए लचीलेपन, ताकत और संतुलन में सुधार करता है। योग आसन और ध्यान को अपनी दिनचर्या में शामिल करने से तनाव कम करने में मदद मिलती है जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। सूर्य नमस्कार, सांस लेने के व्यायाम और मेडिटेशन जैसे अभ्यास इन दोषों को संतुलित करने, परिसंचरण में सुधार करने और समग्र जीवन शक्ति को बढ़ाने में मदद करते हैं।

ग्रहों की चाल तय करती है आपकी सफलता की राह



जीवन में सफलता, असफलता, मान-सम्मान और धन-दौलत के पीछे ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों की विशेष भूमिका होती है। जन्मकुंडली के विभिन्न भाव और ग्रह यह तय करते हैं कि व्यक्ति किस क्षेत्र में करियर बनाएगा और उसे कब अपने कार्यक्षेत्र में सर्वोच्च उपलब्धियां हासिल होंगी। प्राचीन काल से ही ज्योतिषीय गणनाओं का उपयोग यह समझने के लिए किया जाता रहा है कि जातक के लिए नौकरी बेहतर होगी या व्यवसाय और किस दिशा में उसे विशेष सफलता मिलेगी।

ज्योतिषीय दृष्टिकोण से करियर का सीधा संबंध दशम भाव (कर्म भाव) और उसके स्वामी ग्रह से होता है। इसके साथ ही सूर्य ग्रह को मान-सम्मान, प्रशासनिक सेवा और सरकारी नौकरी का कारक माना जाता है। यदि किसी जातक की कुंडली में सूर्य मजबूत स्थिति में होता है, तो वह सिविल सेवा, राजनीति या उच्च प्रशासनिक पदों पर शानदार करियर बनाता है। वहीं, बुध ग्रह को बुद्धि, व्यापार, संचार और बैंकिंग का कारक माना जाता है, जिससे जुड़े लोग वित्त, मार्केटिंग और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऊंचाइयों को छूते हैं।

इसके अलावा, शुक्र ग्रह कला, मीडिया, फैशन, अभिनय और डिजाइनिंग के क्षेत्र में सफलता दिलाता है, जबकि शनि न्याय, अनुशासन, लोहा, और तकनीकी कार्यों का प्रतिनिधित्व करता है। शनि की स्थिति ही यह तय करती है कि व्यक्ति को अपने कार्यक्षेत्र में कितनी मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। गुरु ग्रह शिक्षा, कानून, परामर्श और प्रबंधन के क्षेत्र में भाग्य का साथ दिलाता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रहों के गोचर और दशाओं के आधार पर करियर में आने वाले उतार-चढ़ाव को समय रहते समझा जा सकता है। उचित ज्योतिषीय मार्गदर्शन और समय पर किए गए उपायों से पेशेवर जीवन की बाधाओं को दूर कर सही दिशा का चुनाव किया जा सकता है, जिससे हर व्यक्ति अपने करियर में उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है।

नाश्ते में परोसें मसाले से भरपूर कॉर्न रवा बॉल्स

सूजी.... नाम सुनते ही हमारा ध्यान सबसे पहले 'सूजी का हलवा' की तरफ ही जाता है। सूजी का हलवा दिमाग में इस कदर बैठा हुआ है कि कई लोग बस इसे ही बनाकर खाते हैं। मगर ऐसा नहीं है कि सूजी से सिर्फ हलवा ही बनाया जा सकता है। सूजी से कई रेसिपीज भी बनाई जा सकती हैं, जिसे एक बार चखने के बाद हलवा को हर कई भूल जाना चाहेगा।

जी हां, अगर आप भी सूजी से एक ही तरह की डिश बनाकर और खाकर बोर हो गई हैं, तो फिर अब वक्त आ



गया है कुछ नया ट्राई करने का। जी हां, इस लेख में हम आपको सूजी से तैयार कुछ शानदार और लाजवाब स्नैक्स की रेसिपी बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप आसानी से घर पर बना सकती हैं।

सूजी को एक बाउल में निकालें और हल्की आंच पर सूजी को भून लें। अब पैन में घी गर्म करें और राई, कॉर्न, अदरक, चिली फ्लेक्स, हल्दी पाउडर, नमक, सूजी और पानी डालकर पका लें। जब मिश्रण गाढ़ा हो जाए, तो गैस बंद कर दें और सूजी का मिश्रण ठंडा होने के लिए रख दें। छोटी-छोटी बॉल्स बनाएं और 10 मिनट तक हल्की आंच पर स्टीम होने दें। अब पैन में 2 चम्मच तेल डालें और लाल मिर्च पाउडर, हरा धनिया और बचा हुआ सभी सामान डालकर पकाएं।



वेट लिफ्टिंग के दौरान बचें कलाई की चोट से

जिम में वर्कआउट करते समय हम सभी कई तरह की एक्सरसाइज करते हैं। कार्डियो से लेकर वेट लिफ्टिंग तक कई तरह के वर्कआउट न केवल बॉडी को सही शेप देते हैं, बल्कि शरीर का स्टेमिना और स्ट्रेंथ भी बढ़ाते हैं। हालांकि, अक्सर यह देखने में आता है कि जब हम वेट लिफ्टिंग करते हैं, तो उस दौरान कलाइयों में चोट (इंजरी) लग जाती है।

हाथों की मूवमेंट करने से लेकर वजन उठाते समय हम कई छोटी-छोटी बातों की अनदेखी कर देते हैं, जो हमारे वर्कआउट परफॉर्मेंस को प्रभावित करती हैं और कलाई में चोट लगने की संभावना को काफी बढ़ा देती हैं। अगर आप चाहती हैं कि वेट लिफ्टिंग के दौरान आपकी कलाइयों में किसी तरह की इंजरी न हो, तो इन छोटे-छोटे टिप्स को जरूर फॉलो करें:

कलाइयों का भी करें वार्मअप

हम सभी जानते हैं कि किसी भी वर्कआउट से पहले बॉडी वार्मअप करना बेहद जरूरी है, लेकिन अक्सर हम कलाइयों



के मूवमेंट पर उतना ध्यान नहीं देते। यदि आप वेट लिफ्टिंग करने वाली हैं, तो कलाइयों का वार्मअप करना कभी न भूलें। इससे कलाइयों के जॉइंट्स थोड़े ल्यूब्रिकेट हो जाते हैं, जिससे मूवमेंट करना आसान हो जाता है। इसके लिए मुट्ठी बंद करके कलाई घुमा सकती हैं या एक्सटेंसर स्ट्रेच कर सकती हैं।

रिस्ट रैप का करें इस्तेमाल

यदि आप भारी वजन (हैवी वेट) उठाने वाली हैं, तो यह सलाह दी जाती है कि रिस्ट रैप पहनकर ही वर्कआउट करें। खासतौर पर बेंच प्रेस, ओवरहेड प्रेस या हैवी कर्ल वर्कआउट करते समय कलाई में चोट लगने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। रिस्ट रैप आपकी कलाई को अतिरिक्त सपोर्ट देता है, जिससे मूवमेंट के दौरान स्टेबलाइज रहने में मदद मिलती है और चोट से बचाव होता है।

सही तकनीक अपनाएं

वेट लिफ्टिंग के दौरान अक्सर उन लोगों को चोट लगती है जिनका बॉडी पोश्चर या तकनीक सही नहीं होती। अगर आप किसी भी एक्सरसाइज को बहुत जल्दबाजी में या गलत तरीके से करती हैं, तो इससे कोई फायदा नहीं मिलता बल्कि कलाई घायल हो सकती है। इसलिए हमेशा किसी पेशेवर ट्रेनर की देख-रेख में ही वेट लिफ्टिंग करें।

जरूरत से ज्यादा वजन न उठाएं

अक्सर लोग कम समय में शरीर में बदलाव देखने की चाहत में अपनी क्षमता से ज्यादा भारी वजन उठा लेते हैं। आपको हमेशा अपनी स्ट्रेंथ के अनुसार ही वजन चुनना चाहिए। हमेशा शुरुआत हल्के वजन से करें और धीरे-धीरे अभ्यास के साथ वजन को बढ़ाएं।



अपने लक्ष्य को पाना है तो टीम वर्क को दें प्राथमिकता, सफलता चूमेगी आपके कदम

टीम वर्क एक तरह से किसी भी लक्ष्य को पाने का सबसे कारगर तरीका है इसके अलावा कुशल तरीके से किसी कार्य को पूरा करने के लिए एक समूह का सहयोगी प्रयास है। टीम वर्क किसी भी तरीके में मौजूद है जहां एक समूह के लोग एक समान लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं उसे ही हम टीम वर्क कहते है।

अगर आप अकेले कितना भी काम कर ले मगर उतनी सफलता आपको उस काम में नहीं मिलेगी जितना आप अपनी टीम के साथ काम कर के कर सकते हैं। अकेले आप ज्यादा दूर नहीं जा सकते है। अकेले आप कुछ दूर तक तो दौड़ सकते हो मगर ज्यादा दूर जाने के लिए टीम की जरूरत होती है।

टीम सिर्फ खेल में ही नहीं होती है बल्कि हरेक काम में टीम बनाकर सफलता को लिया जा सकता है। वहां पर एक बड़े सीनियर लीडर ने टीम वर्क के बारे में समझाया और उनका कहना था। टीम बनाने का मतलब है अपने वक्त को मल्टीप्लाई करना। हर एक इन्सान के पास एक दिन में काम करने के तय घंटे होते है। यदि आपका अपना काम है और आपके पास कंपनी में



10 लोग है अगर एक इन्सान एक दिन 8 घंटे काम करता है। तो आपके लिए एक दिन में 80 घंटे हो गया। जाहिर है, आपकी इनकम बढ़ जाएगी। जबकि अकेले काम करके आप 8 घंटे हिसाब से ही पैसे कमा पाते।

हर इंसान अलग-अलग तरीके से किसी भी काम को करता है इसलिए उनके काम करने का तरीका भी अलग होगा। जैसे कि हमारा सहकर्मी जो कोई एक जल्दी काम खत्म कर लेगा और कोई होगा जो काम करने में ज्यादा समय लगाता हैं। किसी की प्रेजेंटेशन स्किल बहुत अच्छी होगी तो किसी की कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो हर किसी की विशेषता को साथ में लेकर मिलाजुला कर हम कैसे काम कर सकते है कैसे टीम में एक साथ काम कर पाए वह बहुत जरूरी हैं। टीम स्किल में प्रत्येक सहकर्मी की योग्यता और विशेषता को साथ लेकर चलना होता है। टीम वर्क को सक्सेसफुल बनाने के लिए टीम संचालक की अच्छी कम्युनिकेशन स्किल और सबकी सुनने की क्षमता होनी चाहिए। टीम वर्क के लिए एक दूसरे को समझ पाना बेहद जरूरी है।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

अमेज़न प्राइम की लोकप्रिय एक्शन थ्रिलर सीरीज 'द टर्मिनल लिस्ट' का दूसरा सीजन जल्द होगा

अमेज़न प्राइम वीडियो की बेहद लोकप्रिय और रोमांचक एक्शन थ्रिलर सीरीज 'द टर्मिनल लिस्ट' का दूसरा सीजन रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। इस



बहुप्रतीक्षित सीजन के सभी आठ एपिसोड आगामी 21 अक्टूबर को दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में एक साथ प्रसारित किए जाएंगे। पहले सीजन की अपार सफलता के बाद दर्शक लंबे समय से इसके दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे।

यह सीरीज प्रसिद्ध लेखक जैक कार के बेस्ट-सेलिंग उपन्यासों पर आधारित है। इसका दूसरा सीजन जैक कार के दूसरे लोकप्रिय उपन्यास 'टू बिलीवर' पर आधारित होगा। कहानी में नौसेना के विशेष कमांडो जेम्स रीस अपने दुश्मनों का सफाया करने के बाद जीवन में एक नया उद्देश्य तलाशते नजर आएंगे। लेकिन कहानी तब एक नया मोड़ लेती है जब केंद्रीय खुफिया एजेंसी उसे घेर लेती है। जेम्स रीस को अपना नाम साफ करने और एक खतरनाक आतंकवादी संगठन को रोकने के लिए मैदान में उतरना पड़ता है। इस बार यह सीरीज केवल एक मनोवैज्ञानिक रिवेंज थ्रिलर तक सीमित न रहकर एक बड़े अंतरराष्ट्रीय जासूसी महाकाव्य में बदल जाएगी, जो मॉस्को से लेकर लैंग्ली और रीस के परिवार के इतिहास तक फैली होगी। यह सफर हिंद महासागर से शुरू होकर अफ्रीका, मध्य पूर्व और यूरोप तक पहुंचेगा। मुख्य कलाकारः हॉलीवुड स्टार क्रिस प्रैट एक बार फिर कमांडो जेम्स रीस के रूप में वापसी कर रहे हैं। पहले सीजन के लोकप्रिय चेहरे जैसे टॉम हॉपर, कॉन्स्टेंस वु, डार सलीम और लुक हेम्सवर्थ भी इस सीजन में नजर आएंगे।

टॉलीवुड

श्रीनाथ भासी की नई टाइम-ट्रैवल थ्रिलर फिल्म 'ओरिजिनल' 23 अक्टूबर को होगी रिलीज

मलयालम सिनेमा के जाने-माने और अपने संजीदा अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता श्रीनाथ भासी एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ओरिजिनल' की आधिकारिक रिलीज डेट सामने आ चुकी है। यह रोमांचक समय-यात्रा थ्रिलर फिल्म इसी महीने 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मलयालम फिल्म उद्योग में पिछले कुछ समय से प्रयोगधर्मिता और अलग विषयों पर फिल्में बनाने का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में 'ओरिजिनल' एक ताजा अवधारणा लेकर आ रही है। यह फिल्म विशुद्ध रूप से समय-यात्रा और रोमांचक थ्रिलर शैली पर आधारित है, जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है। समय-यात्रा जैसे जटिल और रोमांचक विषय पर बनी इस फिल्म से दर्शकों और समीक्षकों को काफी उम्मीदें हैं। फिल्म में श्रीनाथ भासी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जो अपनी बेहतरीन अदायगी के लिए जाने जाते हैं। उनके अलावा फिल्म में कई अन्य प्रतिभाशाली कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म के निर्माताओं ने इसके टीज़र और पोस्टर्स के जरिए पहले ही दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्सुकता पैदा कर दी है।



भोजपुरी

अभिनेत्री मोनालिसा ने दिया संदेश: आप अपनी सोच से कहीं अधिक मजबूत हैं

शारदीय नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु माता रानी की भक्ति में पूरी तरह लीन रहे। इन दिनों में गरबा भी खूब खेला गया। मनोरंजन जगत में भी इन पावन दिनों में खूब रौनक देखी गई। इसी बीच भोजपुरी अदाकारा मोनालिसा ने दशहरे की बधाईयां देते हुए अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं।



मोनालिसा ने इंटरनेट पर एक पोस्ट साझा करते हुए अपनी कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा साड़ी पहने हुए पारंपरिक परिधान में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने भारी आभूषण भी पहने हुए हैं।

तस्वीरों के साथ मोनालिसा ने अपने चाहने वालों को एक खास संदेश भी दिया है। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा है, ₹नवरात्रि के इन नौ दिनों में एक जरूरी बात जो हमेशा याद रखनी चाहिए, वह यह कि आप जिस दौर और समय से गुजर रहे हैं, उससे कहीं अधिक मजबूत हैंर। गुलाबी और हरे रंग की साड़ी में मोनालिसा हंसती-मुस्कुराती हुई पोज देती नजर आ रही हैं। वे अपना मेकअप भी फ्लॉन्ट कर रही हैं। अभिनेत्री के इस पारंपरिक लिबास की उनके प्रशंसक जमकर तारीफ कर रहे हैं।

ब्राइडल लुक

नवरात्रि,दशहरा और दीपावली के बाद जल्द ही वैवाहिक मुहूर्त शुरू हो जाएंगे, इसलिए तैयारियां शुरू हो चुकी है। तस्वीर में नजर आ रही मॉडल श्योमा सेन ने एक पारंपरिक भारतीय दुल्हन के रूप में बेहद खूबसूरत ब्राइडल लुक कैरी किया है। इस डिजाइनर लहंगे की मुख्य खासियत इसका चमकीला मैजेंटा यानी गुलाबी रंग और उस पर की गई बारीक सुनहरी जरी, गोटा-पत्ती तथा पारंपरिक हाथ की कढ़ाई है। इसके साथ कुंदन के आभूषण और लाल चूड़ा इस पूरे परिधान की शाही सुंदरता और आकर्षण को और अधिक बढ़ा देते हैं।



पैरों की डीप क्लीनिंग का सामान मौजूद है किचन में

अक्सर माहलाए अपन चहर का खूबसूरता का तो पूरा ख्याल रखती हैं, लेकिन पैरों की सफाई पर विशेष ध्यान नहीं देती हैं। इसके चलते पैरों का रंग काला पड़ने लगता है और वे दिखने में बिल्कुल भी अच्छे नहीं लगते। इस समस्या से निजात पाने के लिए विटामिन-सी से भरपूर फूड्स और नेचुरल इंग्रेडिएंट्स का इस्तेमाल बेहद कारगर माना जाता है। संतरे जैसे खट्टे फलों में भरपूर मात्रा में सिट्रिक एसिड पाया जाता है, जो एक बेहतरीन नेचुरल एक्सफोलिएंट के रूप में काम करता है।

अगर आपके पैरों का रंग भी काला पड़ गया है, तो आप इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए संतरे के रस का उपयोग कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले संतरे का ताजा रस निकाल लें। अब रूई की मदद से इस रस को अपने पूरे पैरों पर अच्छी तरह लगाएं। करीब आधे घंटे तक इसे ऐसे ही लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से पैरों को धो लें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि हफ्ते में केवल एक बार ही पैरों पर इस रस का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, आप चाहें तो ऑरेंज पील पाउडर यानी संतरे के छिलके के पाउडर में



सादा दही मिलाकर भी पैरों पर लगा सकती हैं। जब यह पेस्ट अच्छी तरह सूख जाए, तो करीब 10 मिनट बाद पैरों को साफ पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से पैरों का कालापन दूर होने लगेगा और रंग साफ होने लगेगा।

पार्लर जाकर महंगे पेडीक्योर ट्रीटमेंट कराने के बजाय घर की रसोई में मौजूद चीजों से ही पैरों की देखभाल की जा सकती है। इसके लिए दूध, नीम और एलोवेरा जेल जैसी नेचुरल चीजें बेहद फायदेमंद होती हैं। इसके साथ ही पैरों के लिए 'फुट सोक' करना भी बहुत जरूरी है। इसके लिए गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक मिलाकर पैरों को उसमें कुछ देर डुबोकर साफ करें। हफ्ते में कम से कम एक बार फुट सोक जरूर करना चाहिए, जिससे जमी हुई डेड स्किन आसानी से रिमूव हो जाती है और पैरों को भी भारी आराम मिलता है। नहाते वक्त केवल चेहरे या हाथों पर ही नहीं, बल्कि पैरों की भी नियमित रूप से अच्छे से सफाई करनी चाहिए।

वॉर्डरोब में शामिल करें साड़ियों के ट्रेंडी डिजाइंस



साड़ी का चलन फैशन की दुनिया में कभी भी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होता और इसके कई तरह के खूबसूरत डिजाइन बाजार में आसानी से देखने को मिल जाते हैं। हालांकि, बदलते दौर के साथ आजकल साड़ी ड्रेप करने के भी कई नए तरीके आ चुके हैं, लेकिन एक निश्चित उम्र के बाद महिलाएं साड़ियों को पहनने के लिए चुनिंदा और आरामदायक स्टाइल ही चुनना पसंद करती हैं। दशहरा और दीवाली के बाद करवाचौथ का पावन त्योहार आने वाला है और शादियों का दौर भी शुरू होने वाला है। ऐसे मौकों पर ज्यादातर महिलाएं साड़ी पहनना ही पसंद करती हैं। ऐसे में फेस्टिव सीजन के लिए कुछ चुनिंदा साड़ी डिजाइंस 50 वर्ष की उम्र वाली महिलाओं के लिए बेहद खास हैं, जिन्हें स्टाइल करने के बाद आप अपनी उम्र से काफी कम यानी जवां नजर आ सकती हैं।





पटोला साड़ी डिजाइन

इस तरह की साड़ियां वजन में बिल्कुल भी भारी नहीं होती हैं, बल्कि बेहद हल्की और आरामदायक होती हैं। इस खूबसूरत साड़ी को विभिन्न डिजाइनरों द्वारा बेहतरीन तरीके से तैयार किया जाता है। इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको बाजार में लगभग 2000 रुपये तक की किफायती कीमत में आसानी से मिल जाएगी। इस प्रकार की साड़ी के साथ आप गोल्डन कलर या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को पेयर करके अपने लुक को और ज्यादा ग्रेसफुल बना सकती हैं।

क्रेप सिल्क साड़ी डिजाइन

सिल्क साड़ियों में आपको बाजार में ढेरों वैरायटी और अलग-अलग विकल्प आसानी से मिल जाएंगे। इस खूबसूरत और रिच लुक वाली साड़ी को डिजाइनर गीतिका कनूमिल्ली द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये तक की रेंज में आसानी से मिल जाएगी।

मेकअप के दौरान बार-बार फैल जाती है लिपस्टिक तो ऐसे करें ठीक

मेकअप करना हम सभी को पसंद होता है, लेकिन आज भी हम में से ज्यादातर महिलाएं चेहरे के मेकअप के बाद लिपस्टिक लगाना सबसे अहम मानती हैं। लिपस्टिक भी बाजार में कई अलग-अलग टेक्सचर में मिलती है और इन्हें लगाने का तरीका भी एक-दूसरे से बिल्कुल भिन्न हो सकता है। यदि मेकअप लुक कम्प्लीट होने के बाद आपके होंठों के आस-पास लगी हुई लिपस्टिक गलती से फैल जाती है, तो आप एक पतले लिप ब्रश की सहायता से मैचिंग कंसीलर लेकर इसे आसानी से ठीक कर सकती हैं। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कंसीलर का रंग आपकी स्किन टोन के बिल्कुल हिसाब से होना चाहिए और इसके लिए हमेशा किसी लाइटवेट कंसीलर का ही इस्तेमाल करें। इसके बाद लिक्विड कंसीलर को हल्के ट्रांसलूसेंट पाउडर की मदद से सेट कर दें, ताकि आपका यह करेक्टिव लुक पूरी तरह से ट्रांसफर-प्रूफ हो जाए। कोशिश करें कि आप कंसीलर की सहायता कम से कम ही लें, ताकि चेहरे पर मेकअप प्रोडक्ट्स की लेयर्स कम से कम दिखाई दें। लिपस्टिक लगाते समय



होंठों को एक परफेक्ट और शार्प लुक देने के लिए हमेशा अच्छी क्वालिटी के लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। एक बेहतरीन लुक पाने के लिए हमेशा अपनी स्किन टोन और आउटफिट के कलर कंट्रास्ट को ध्यान में रखकर ही लिपस्टिक का शेड चुनें। अगर आपने आंखों का मेकअप बहुत बोल्ड किया है, तो लिप शेड के लिए हमेशा न्यूड या हल्के रंगों का ही चुनाव करें। होंठों को बड़ा दिखाने के चक्कर में कभी भी अपने नेचुरल लिप शेप के बाहर जाकर लिप लाइनर का इस्तेमाल न करें।

ऑफिस की पार्टी में दिखना है सबसे खूबसूरत तो ट्राई करें ट्रेंडी आई मेकअप टिप्स

ऑफिस में अलग-अलग अवसरों पर होने वाली पार्टियों का इंतजार हर स्टाफ को रहता है। किसी को पार्टी में गेम्स खेलना और डांस करना पसंद होता है, तो किसी को अपने फैशन और स्टाइल का जलवा बिखेरना भाता है। आजकल हर कोई नए फैशन ट्रेंड के हिसाब से खुद को तैयार करना पसंद करता है। इसके लिए कई महिलाएं अपने आउटफिट के साथ-साथ आई मेकअप पर भी विशेष ध्यान देती हैं, क्योंकि इससे उनका पूरा लुक परफेक्ट बनता है और वे भीड़ में सबसे खूबसूरत नजर आती हैं। ऐसे में आप इस बार ऑफिस की दिवाली पार्टी में इन आसान टिप्स की मदद से बेहतरीन आई मेकअप ट्राई कर सकती हैं, जिसे क्रिएट करने के बाद आपका पूरा लुक ही बदल जाएगा।

आई मेकअप की शुरुआत करते समय सबसे पहले आंखों पर अच्छी क्वालिटी के प्राइमर का इस्तेमाल जरूर करें। इसके लिए प्राइमर की थोड़ी सी मात्रा आईलिड पर लगाएं और फिर ब्लेंडर की मदद से इसे अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। इसे लगाना इसलिए जरूरी है ताकि आपकी आंखों का मेकअप बिना फैले लंबे समय तक टिका रहे। इसके बाद आप अपनी ड्रेस के कलर और पैटर्न के हिसाब से



आईशैडो का शेड चुनें। कोशिश करें कि ऑफिस पार्टी के लिए लुक को थोड़ा डिसेंट और सिंपल ही रखें, क्योंकि ऑफिस पार्टी में न्यूड और सटल कलर आई मेकअप ज्यादा एलिगेंट लगते हैं। इसके लिए आप वॉर्म कॉपर, सॉफ्ट ब्राउन जैसे न्यूट्रल कलर्स चुन सकती हैं और फिर इन्हें अच्छी तरह ब्लेंड कर सकती हैं। आईशैडो के बाद आंखों पर आकर्षक आईलाइनर लगाएं। इसके लिए आप पेंसिल, जेल या फिर लिक्विड किसी भी तरह के आईलाइनर का उपयोग कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

आराम और सादगी बन रही है आधुनिक पुरुष की पहचान, भारतीय पहनावे में छाए नए ट्रेंड्स

मेन्स फैशन में भारतीय पुरुषों का बदलता अंदाज, टाइट कपड़ों को अलविदा कह कर अपना रहे हैं 'रिलैक्स्ड फिट' का दौर

भारतीय पुरुषों के पहनावे और लाइफस्टाइल में पिछले कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अब भारतीय पुरुषों के लिए फैशन का मतलब केवल तड़क-भड़क या पारंपरिक फॉर्मल कपड़े पहनना नहीं रह गया है, बल्कि यह आराम, सादगी और स्मार्ट लुक का एक बेहतरीन मेल बन चुका है। चाहे युवा हों या कामकाजी पेशेवर, हर कोई ऐसे कपड़ों को अपनी पहली प्राथमिकता दे रहा है जो पहनने में बेहद आरामदायक हों और देखने में क्लासी व शालीन लगें। मेन्स फैशन के इन्हीं नए और लोकप्रिय ट्रेंड्स ने इन दिनों भारतीय पुरुषों की अलमारी में अपनी खास जगह बना ली है।

फिटिंग में बड़ा बदलाव

सालों तक बाजारों और फैशन जगत में स्लिम-फिट कपड़ों का एकछत्र राज रहने के बाद अब भारतीय बाजार में रिलैक्स्ड और ओवरसाइज्ड फिटिंग ने पूरी तरह से कब्जा जमा लिया है। शरीर पर पूरी तरह चिपके रहने वाले तंग कपड़ों



की जगह अब युवा ढीले और हवादार बॉक्स फिट कपड़ों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। जींस और ट्राउजर के मामले में भी अब स्ट्रेट-कट और वाइड-लेग पैंट्स का जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है, जो कैजुअल वियर के साथ-साथ एक बेहद मॉडर्न और आकर्षक स्ट्रीट-वियर लुक प्रदान करते हैं।

फैब्रिक का नया विकल्प

भारतीय मौसम की भौगोलिक स्थिति और उमस भरी गर्मी को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए अब कपड़ों के फैब्रिक्स के चुनाव पर बहुत बारीकी से ध्यान दिया जा रहा है। पहले जहां लिनेन को केवल गर्मियों के मौसम का कपड़ा माना जाता था, वहीं अब लिनेन की शर्ट्स और ट्राउजर साल के बारह महीने पसंद किए जा रहे हैं। थोड़े से सलवटों वाला यह लिनेन लुक अब अधिक नैचुरल, कूल और स्टाइलिश माना जाने लगा है। इसके अलावा, हवादार और हल्के सूती कपड़ों यानी ब्रीदबल कॉटन को फॉर्मल और कैजुअल दोनों ही सेगमेंट में सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है।

रंगों का नया जादू

रंगों के मामले में भी भारतीय पुरुष अब लाउड और भड़कीले रंगों से दूरी बनाते नजर आ रहे हैं। बटर येलो, मिंट ग्रीन, लैवेंडर, पीच, पाउडर ब्लू और सेज ग्रीन जैसे हल्के और आंखों को सुकून देने वाले पेस्टल शेड्स आज के युवाओं की पहली पसंद बन चुके हैं। इसके साथ ही मड ब्राउन, टेराकोटा, ऑलिव ग्रीन, सैंड और ऑफ-व्हाइट जैसे न्यूट्रल और अर्थी शेड्स को फॉर्मल और कैजुअल दोनों तरह के पहनावे में खूब अपनाया जा रहा है। ये रंग धूप में ज्यादा गर्म महसूस नहीं होने देते और पहनने वाले को एक परिपक्व, क्लासी और डिसेंट लुक देते हैं।

